
सुप्रभात
रांची, बुधवार
24.05.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 308



12 अक्षय कुमार ने केदारनाथ में किया पूजा



# 2023-24 के लिए झारखंड विस की 24 समितियां गठित

**विशेषाधिकार, याचिका और नियम समित के सभापित बने विधानसभा अध्यक्ष**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने 2023-24 के लिए झारखंड विधानसभा में 24 समितियों का गठन किया है। सभी समितियों के सभापतियों के नाम की भी घोषणा कर दी गई है। इन सभी समितियों का कार्यकाल एक साल का होगा।

| समिति | सभापति |
|---|---|
| विशेषाधिकार समिति | रवींद्रनाथ महतो |
| याचिका समिति | रवींद्रनाथ महतो |
| नियम समिति | रवींद्रनाथ महतो |
| सामान्य प्रयोजन समिति | भूषण तिर्की |
| लोक लेखा समिति | नीलकंठ सिंह मुंडा |
| प्राक्कलन समिति | निरल पूर्ति |
| सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति | सरयू राय |
| सरकारी आश्वासन समिति | दीपक बिरुआ |
| प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति | डॉ सरफराज अहमद |
| प्रत्यायुक्त विधान समिति | बिनोद कुमार सिंह |
| जिला परिषद एवं पंचायती राज | रामदास सोरेन |
| निवेदन समिति | उमाशंकर अकेला |
| एसटी, एससी, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग समिति | लोबिन हेंब्रम |
| सदाचार समिति | रामचंद्र सिंह |
| पुस्तकालय विकास समिति | अपर्णा सेनगुप्ता |
| महिला एवं बाल विकास समिति | सीता मुर्मू |
| पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति | सबिता महतो |
| विधायक निधि अनुश्रवण समिति | सीपी सिंह |
| शून्यकाल समिति | प्रदीप यादव |
| गैर सरकारी संकल्प समिति | केदार हाजरा |
| अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति | रामचंद्र चंद्रवंशी |
| युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास | सुदेश महतो |
| आवास समिति ग्लेन | जोसेफ गॉलस्टेन |

## पुलिस प्रशासन की सभी तैयारी पूरी, सीसीटीवी से हो रही पूरे शहर की निगरानी

# राष्ट्रपति का झारखंड दौरा : सात आइपीएस 50 डीएसपी और 3000 जवान रहेंगे मुस्तैद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के झारखंड दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन की तैयारी पूरी हो गई है। राजधानी में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये गये हैं। राष्ट्रपति की सुरक्षा में सात आईपीएस समेत 50 से अधिक डीएसपी और इंस्पेक्टर के अलावे तीन हजार जवानों को तैनात किया गया है जो सड़कों से लेकर बड़ी-बड़ी इमारतों पर सुरक्षा में मुस्तैद रहेंगे। राष्ट्रपति को रांची के विभिन्न इलाकों में कई कार्यक्रम में शामिल होना है। रांची के एयरपोर्ट रोड स्थित बिरसा मुंडा प्रतिमा, अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण और झारखंड हाईकोर्ट के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन भी करेंगी। ट्रिपल आईटी के दीक्षांत समारोह में भी राष्ट्रपति शिरकत कर रही हैं। राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। इन कार्यक्रमों के मद्देनजर रांची में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ट्रैफिक को विशेष ध्यान में रखते हुए कई जगहों पर बड़ी संख्या में जवानों को तैनात किया गया है। ऊंची-ऊंची बिल्डिंग और इमारतों से भी नजर रखने के लिए वहां पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। सुरक्षा में कोई चूक न हो, इसे देखते हुए पूरे शहर की निगरानी सीसीटीवी से की जा रही है।पुलिस कंट्रोल रूम में एक टीम को तैनात किया गया है।

### राष्ट्रपति का मिनट टू मिनट कार्यक्रम

**24 मई 2023**
- सुबह 8:55 बजे राष्ट्रपति पहुंचेंगी देवघर एयरपोर्ट।
- 9:30 से 10:10 तक बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में होगी पूजा-अर्चना।
- 11:20 बजे देवघर से रांची के लिए होंगी रवाना।
- 12:00 बजे रांची एयरपोर्ट पर होगा राष्ट्रपति का आगमन।
- 12:10 बजे एयरपोर्ट से बिरसा चौक के लिए रवाना।
- 12:20 से 12:30 तक बिरसा चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण।
- बिरसा चौक से अल्बर्ट एक्का चौक के लिए होंगी रवाना
- 12:40 से 12:50 बजे तक अल्बर्ट एक्का चौक पर माल्यार्पण।
- 13:10 बजे राजभवन में होगा आगमन
- 4 बज कर 40 मिनट पर राजभवन से झारखंड हाईकोर्ट के लिए होंगी रवाना
- हाईकोर्ट की नई बिल्डिंग का उद्घाटन 5:00 से 6:00 बजे तक।
- 6:10 बजे राजभवन वापस लौटेंगी राष्ट्रपति।

**25 मई 2023**
- सुबह 8:45 बजे राजभवन से हेलीपैड के लिए राष्ट्रपति होंगी रवाना
- 9:10 में खूंटी के लिए चॉपर से राष्ट्रपति होंगी रवाना
- मिनिस्ट्री आफ ट्राईबल अफेयर्स भारत सरकार के द्वारा बिरसा कॉलेज खूंटी में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति करेंगी शिरकत
- 12:45 बजे वापस राजभवन लौटेंगी राष्ट्रपति
- दोपहर 3:30 बजे सड़क मार्ग से राष्ट्रपति जाएंगी आईआईटी, कन्वोकेशन कार्यक्रम में होंगी शामिल
- शाम 5 .20 बजे वापस राजभवन लौटेंगी राष्ट्रपति

**26 मई 2023**
- सुबह 10:45 बजे राजभवन से रांची एयरपोर्ट के लिए होंगी रवाना
- सुबह 11:10 बजे एयरपोर्ट से राष्ट्रपति दिल्ली के लिए होंगी रवाना।

### तीन लेयर की सुरक्षा में रहेंगी राष्ट्रपति



राष्ट्रपति का कॉरकेड जिस मार्ग से गुजरेगा, वहां पर तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। राष्ट्रपति की सुरक्षा में बम निरोधक दस्ता के अलावा जैप, आईआरबी, रैफ और जगुआर की टीम को भी तैनात किया गया है।

### ट्रैफिक व्यवस्था को 24 सेक्टर में बांटा गया

राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को 24 सेक्टर में बांटा गया है। इसमें करीब 2800 पदाधिकारी व जवानों को तैनात किया गया है। ट्रैफिक की व्यवस्था में लगे जवानों और अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि किसी भी हाल में राष्ट्रपति के कॉरकेड के गुजरने में यातायात व्यवस्था बाधित नहीं हो। इसके अलावा राष्ट्रपति का कॉरकेड जिन-जिन मार्गों से गुजरेगा, वहां की 200 ऊंचे भवनों को चिह्नित किये गये हैं। राष्ट्रपति के आगमन से पहले उन भवनों में पुलिस फोर्स तैनात रहेंगें। इसके साथ ही भवन में रहने वाले लोगों के बारे में भी पुलिस की टीम ने सत्यापन कर रिपोर्ट बना ली है।

# गरीबी के कारण बेल बांड नहीं भरने पर प्रार्थी को मिली राहत

हाईकोर्ट से बेल मिलने के बाद भी 5 माह से था जेल में

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गुमला के सिसई थाना में दर्ज एक मामले में आरोपी दीपू कुमार भूईया को जमानत मिलने के बाद भी गरीबी के कारण बेल बांड नहीं भर पाने से संबंधित मामले की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की कोर्ट ने प्रार्थी को राहत देते हुए पीआर बांड पर छोड़ने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सब्यसाची ने हाईकोर्ट को बताया कि प्रार्थी को 30 जनवरी 2023 को ही हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी लेकिन प्रार्थी और उसकी उसके पिता 10 हजार रुपए के दो बेल बांड गरीबी के कारण भरने में अक्षम है इसलिए उन्हें पीआर बांड पर छोड़ने का आदेश दिया जाए। बता दें कि प्रार्थी के खिलाफ गुमला के सिसई थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। जनवरी 2023 को उसे बेल मिलने के बाद भी वह अब तक जेल में ही था। उसने अपनी गरीबी का हवाला देते हुए बेल बांड भरने में सक्षम नहीं होने को लेकर झालसा को चिट्ठी लिखी थी। प्रार्थी की ओर से हाईकोर्ट में सीआरएमपी दायर की गई थी जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

# वित्त विभाग ने सभी 60 विभागों से मांगी आउटसोर्सिंग से बहाल कर्मियों की सूची

**विभागाध्यक्ष, प्रधान सचिव, सचिव से आउट सोर्सिंग कर्मियों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में कार्यरत हजारों आऊट सोर्सिंग कर्मी भी अब नियमित होंगे। हाईकोर्ट के निर्देश के आलोक में अब सरकार हरकत में आ गयी है। वित्त विभाग ने इसको लेकर पहल शुरू कर दी है। विभाग ने झारखंड के सभी 60 विभागों के विभागाध्यक्ष, अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव एवं सचिव को पत्र भेज कर आऊट सोर्सिंग एजेंसी के तहत कार्य कर रहे कर्मचारियों की सूची शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। सरकार की इस पहल से झारखंड राज्य के विभिन्न विभागो में कार्यरत 31 हजार से अधिक आऊटसोर्सिंग कर्मियों को सीधा लाभ होगा।

### आऊट सोर्सिंग के तहत इन पदों पर कार्यरत हैं कर्मी

आऊट सोर्सिंग एजेंसियों के माध्यम से राज्य के विभिन्न विभागों में कंप्यूटर ऑपरेटर, डाटा इंट्री ऑपरेटर, प्रोग्रामर, सहायक प्रोग्रामर, अमीन, आदेशपाल, चालक और सफाई कर्मचारी आते हैं, जो विभिन्न विभागों में कार्यरत हैं।

### विभागों को यह जानकारी देनी होगी

कर्मी का पद नाम, कर्मियों की संख्या, कार्यरत अवधि, मासिक परिलब्धि, बाह्य स्रोत के आधार पर सेवा प्राप्त करने के निमित्त पद सृजित है या नहीं, स्वीकृति सक्षम स्तर से प्राप्त की गयी है या नहीं। यदि स्थाई रूप से रखने की आवश्यकता है तो विभागीय आवश्यकता आधारित पदों की संख्या आदि।

### नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू

हाईकोर्ट के निर्देश के बाद सरकार विभिन्न विभागों में कार्यरत 5 लाख से अधिक अनुबंध कर्मियों की नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है। धीरे-धीरे इसकी प्रकिया चरणबद्ध तरीके से सरकार शुरू कर चुकी है। अब आऊट सोर्सिंग कर्मियों के नियमतीकरण की प्रकिया शुरू करने से कम से 31801 कर्मचारियों को सीधा फायदा होगा।

# मनीष कुमार को जेवीबीएनल एमडी का मिला अतिरिक्त प्रभार

**31 मई तक अवकाश पर गये हैं अविनाश कुमार**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** उर्जा विभाग के संयुक्त सचिव सह कॉमर्शियल निदेशक मनीष कुमार को जेवीवीएनएल एमडी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अविनाश कुमार के अवकाश से लौटने तक मनीष कुमार प्रभार में रहेंगे। इसे लेकर कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### विभागीय सचिव के पद अब भी खाली

बतातें चलें कि ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार 31 मई तक अवकाश पर हैं।

### इस संबंध में कार्मिक विभाग ने जारी की अधिसूचना

अविनाश कुमार ऊर्जा विभाग के सचिव होने के साथ ऊर्जा विकास निगम के सीएमडी, जेवीवीएनएल के एमडी और महिला, बाल समाज कल्याण के भी सचिव पद (प्रभार) पर कार्यरत हैं लेकिन उनके अवकाश पर जाने से ऊर्जा विभाग के सचिव, ऊर्जा विकास निगम के सीएमडी और महिला, बाल, समाज कल्याण विभाग का सचिव पद रिक्त हो गये हैं। इन तीनों विभागों के अतिरिक्त प्रभार अभी तक किसी को सौंपे नहीं गये हैं।

# बोकारो के कर्बला मैदान में 28 मई को आयोजित भारत जोड़ो सम्मेलन में शामिल होंगे सांसद इमरान प्रताप गढ़ी

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग की ओर से बोकारों के कर्बला मैदान में 28 मई को भारत जोड़ो सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन और सांसद इमरान प्रतापगढ़ी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मंजूर अंसारी ने मंगलवार को कांग्रेस भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में संयुक्त रूप से दी। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, एआईसीसी अल्पसंख्यक विभाग के झारखंड प्रभारी उमैर खान, प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर एम तौसीफ, परमिंदर सिंह, फिरोज खान मौजूद थे।

**देश में नफरत की दीवार ढहने लगी है : राजेश ठाकुर**

मीडिया से बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा में नफरत मिटाने की बात लगातार कहते हुए आ रहे थे। उसी का नतीजा है कि अब देश से धीरे- धीरे नफरतों की दीवार ढहने लगी है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हिमाचल प्रदेश में चुनाव हुए. उसमें हिमाचल की जनता ने नफरतों की दीवार को तोड़ दिया। इतना ही नहीं भारत जोड़ो यात्रा कर्नाटक से होकर गुजरी थी। इसका परिणाम यह रहा कि विधानसभा चुनाव में कर्नाटक की जनता ने भी नफरत की दीवार तोड़कर कांग्रेस को जीत दिलायी।

**राहुल गांधी की भारत जोड़ा यात्रा ने नफरत खत्म किया : उमैर खान**

प्रदेश अल्पसंख्यक विभग के प्रभारी उमैर खान ने कहा कि राहुल गांधी के साथ मैंने भी कन्याकुमारी से जम्मू कश्मीर तक पैदल चला। देश के युवा राहुल गांधी के सामने अपना सर्टिफिकेट हाथों में लेकर खड़े हो जा रहे थे। रोजगार की बात कर रहे थे। देश में नफरत का माहौल बना हुआ है। नफरत के माहौल को खत्म करके आपसी भाईचारे को पैदा करना कांग्रेस पार्टी एवं राहुल गांधी का उद्देश्य है। इसी उद्देश्य को लेकर 28 मई को इमरान प्रतापगढ़ी बोकारो के कर्बला मैदान में आ रहे हैं. राज्य के नौजवान बड़ी तादाद में उन्हें सुनने के लिए वहां पर इकट्ठा होंगे और उनकी विचारों से प्रभावित होकर अल्पसंख्यक विभाग से जुड़ेंगे।

# पावरकट पर चेंबर ने जताई चिंता

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** लघु उद्योग भारती के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक मंगलवार को झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों के साथ हुई। बैठक में कर लघु इकाईयों के विकास के मुद्दे पर चर्चा की गयी। राज्य में नियमित रूप से जारी पावरकट से औद्योगिक इकाइयों की समस्याओं पर चिंता जताते हुए कहा गया कि बढ़ती गर्मी के कारण जनजीवन तो अस्त व्यस्त है। इससे औद्योगिक उत्पादन भी प्रभावित हो रहा है। सरकार को इसके कारणों की समीक्षा करते हुए त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। लघु उद्योग भारती के पदाधिकारियों ने चेंबर अध्यक्ष को अवगत कराया कि जल्द ही लघु उद्योग भारती द्वारा महिला उद्यमिता विंग का गठन किया जाएगा। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने इस दिशा में लघु उद्योग भारती को हरसंभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया।

बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, अमित शर्मा, सह सचिव रोहित पोद्दार, शैलेष अग्रवाल, लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष हंसराज जैन, प्रदेश महामंत्री विजय छापडिया और सचिव अखिलेश्वर नारायण राय उपस्थित थे।

## भीषण गर्मी का दौर : बिजली आपूर्ति आधा घंटा, जब कटी तो घंटों बाद आयी

# राज्यभर में बिजली संकट, निर्बाध आपूर्ति के लिए जेबीवीएनएल के पास अभी 200 मेगावाट की कमी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राज्यभर में लोग बिजली किल्लत से जूझ रहे हैं। आधे घंटे बिजली रहती है उसके बाद जाती है तो घंटों तक नहीं आती है। आलम यह है कि लोग बिजली विभाग को कोस रहे हैं। भीषण गर्मी में बिजली नहीं होने से पानी का भी संकट उत्पन्न हो गया है। बिजली संकट के हर दिन नये नये बहाने मिल रहे हैं। कभी लोकल फोल्ट, तो कभी बिजली का कम मिलने का बहाना, तो कभी ग्रिड की मरम्मत, तो कभी मौसम-आंधी वजह होते हैं। मंगलवार को जानकारी मिली कि राज्य भर में लगभग 200 मेगावाट बिजली की कमी है। वहीं, लोकल फॉल्ट के कारण भी बिजली कटौती की जा रही है। जेबीवीएनएल मुख्यालय की मानें तो राज्य में बिजली की मांग 2900 मेगावाट तक पहुंच गयी है। हालांकि जेबीवीएनएल की मानें तो औसतन 200 मेगावाट बिजली की कमी है। वहीं, सेंट्रल पुल से भी बिजली मिलने में परेशानी हो रही है। जेबीवीएनएल अधिकारियों की मानें तो इसे मंगलवार देर रात तक ठीक किया जायेगा। जिससे स्थिति में सुधार होगा। वहीं सामान्य दिनों की बात करें तो राज्य में बिजली की मांग लगभग 1900 से 2100 मेगावाट तक रहती है लेकिन गर्मी बढ़ने पर बिजली की मांग भी बढ़ गयी है। वहीं, ग्रिड सब स्टेशन और ट्रांसफॉर्मर में लोड के कारण भी कुछ इलाकों में बिजली कट रही है।

### आधुनिक पावर सोमवार रात से बिजली आपूर्ति किया बंद

जेबीवीएनएल को आधुनिक पावर लिमिटेड को बिजली खरीद का भुगतान करना है। जेबीवीएनएल को आधुनिक पावर को कुल 45 करोड़ रुपये देने हैं। नियमतः ये बिजली खरीद की राशि 75 दिनों के अंदर भुगतान करनी होती है। ये राशि बकाया होने पर प्राप्ति एप के जरिये खुद बिजली काट दी जाती है। राज्य में इस वजह से भी बिजली कटौती हो रही है। आधुनिक पावर ने सोमवार देर रात से बिजली देनी बंद कर दी। हालांकि निगम अधिकारियों की मानें तो मंगलवार देर तक यह राशि भुगतान कर दी जायेगी। बता दें मुख्यमंत्री के पास इससे संबधित संचिका है। इस पर सहमति के बाद कंपनी को जेबीवीएनएल द्वारा भुगतान किया जायेगा।

झारखंड बिजली वितरण निगम की मानें तो राज्य में बिजली की मांग 2900 मेगावाट तक पहुंच गयी है, जबकि आपूर्ति 2600 मेगावाट तक है। ऐसे में गर्मी बढ़ने पर राज्य में तीन सौ मेगावाट तक बिजली की कमी रहती है। हालांकि जेबीवीएनएल की माने तो औसतन दो सौ मेगावाट बिजली की कमी है। वहीं, सेंट्रल पूल से भी बिजली मिलने में परेशानी हो रही है। गर्मी बढ़ने पर बिजली की मांग भी बढ़ गयी है। वहीं, ग्रिड सब स्टेशन और ट्रांसफॉर्मर में अधिक लोड के कारण भी कुछ इलाकों में बिजली कट रही है।

### एनटीपीसी सेकी से हो रही वार्ता

निगम की मानें तो राज्य सरकार ने एनटीपीसी और सेकी से 200-200 मेगावाट बिजली लेने की योजना बनायी है। इस पर वार्ता जारी है। सहमति बनने पर ही बिजली की खरीद होगी। जबकि वर्तमान दिनों में सेंट्रल पावर एक्सचेंज से बिजली लेकर ही बिजली की आपूर्ति पूरी की जा रही है। निगम की मानें तो अधिकारियों की नजर लगातार इस पर बनी हुई है। जिससे राज्य में बिजली व्यवस्था सामान्य हो सकें।

### गांवों में नौ-10 घंटे तक हो रही बिजली कटौती

शहरी इलाकों में जहां छह से सात घंटे तक बिजली कटौती जारी है। वहीं, ग्रामीण इलाकों में आठ से नौ घंटे तक की कटौती की जा रही है। कुछ इलाकों में एक निश्चित अंतराल में बिजली काटी जा रही है जबकि कुछ इलाकों में एक बार में ही बिजली काट दी जा रही है। वहीं, डीवीसी कमांड एरिया की बात करें तो यहां 10 से 12 घंटे बिजली कटौती की जा रही है। डीवीसी कमांड के सात जिलों में स्थिति बिजली की स्थिति गंभीर बनी हुई है। रात होते ही बिजली की स्थिति और भी खराब हो जाती है। जहां लो वोल्टेज से लेकर लोड शेडिंग तक की समस्या आ रही है। जिसकी प्रमुख वजह डीवीसी के पावर ग्रिड से बिजली आपूर्ति लगातार नहीं मिलना है। धनबाद जिला की बात करें तो यहां 250 से 300 मेगावाट बिजली की जरूरत है। लेकिन 220 से 225 मैगावाट बिजली ही मिल पा रही है। रात होते तक बिजली आपूर्ति 180 से 190 मेगावाट तक पहुंच जा रही है। जिसके कारण कौटती करनी पड़ रही है।

# बाल अपराध में जमशेदपुर अव्वल, रांची दूसरे नंबर पर

**रांची में 433 मामले लंबित, राज्यभर से जेजे बोर्ड में 3691 मामले हैं लंबित**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** समाज में खुलेपन आने के साथ-साथ नाबालिगों की ओर से अंजाम दिए जा रहे आपराधिक वारदात भी बढ़ रहे हैं। इनमें हत्या, मारपीट, दुष्कर्म आदि की घटनाएं शामिल हैं। समाज के लिए यह बड़ी चुनौती बनती जा रही है। अभिभावक इस बात को लेकर चिंतित रहते हैं कि उनके बच्चे गलत रास्ते पर नहीं जाएं। वहीं जिनके बच्चे गलत रास्ते पर चले गए हैं, वह कैसे मुख्यधारा में लौटें। झारखंड में पहली बार बाल संरक्षण आयोग ऐसे बच्चे जो अपराध की दुनिया से निकाल उन्हें मुख्यधारा में जोड़ने के लिए काउंसिलिंग करने के लिए टीम भी बना चुकी है। बाल संरक्षण आयोग ने इस बात को लेकर पूर्व में ट्वीट के माध्यम से बच्चों में आपराधिक प्रवृत्ति बढ़ने के पीछे के कारण क्या हैं, जानने की कोशिश की है। लेकिन, इतना करने के बावजूद जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में दर्ज रिकॉर्ड के मुताबिक, झारखंड में 3691 मामले लंबित हैं। यह आंकड़ा 31 मार्च 2023 तक का है। इसमें सबसे ज्यादा जमशेदपुर में 561 जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के मामले लंबित है। दूसरे नंबर पर रांची है जहां 433 मामले लंबित है।

### कहां- कहां बढ़े बाल अपराध

| | | | |
|---|---|---|---|
| बोकारो- | 83 | हजारीबाग- | 212 |
| चाईबासा- | 72 | जामताड़ा- | 53 |
| चतरा- | 141 | खूंटी- | 151 |
| डालटेनगंज- | 287 | कोडरमा- | 65 |
| देवघर- | 198 | लातेहार- | 74 |
| धनबाद- | 184 | लोहरदगा- | 89 |
| दुमका- | 98 | पाकुड़- | 37 |
| गढ़वा- | 143 | रामगढ़- | 109 |
| गिरिडीह- | 200 | साहिबगंज- | 56 |
| गोड्डा- | 89 | सरायकेला- | 103 |
| गुमला- | 206 | सिमडेगा- | 47 |


झारखंड में बाल अपराध बढ़ रहे हैं। जुवेनाइल कोर्ट में प्रतिदिन दो से तीन केस आ रहे हैं। सरकार को इस संबंध में एक कानून व जागरूकता लाने का प्रयास किया जाना चाहिए

**अमृत कुमार सिंह**
**एडवोकेट रांची।**

सुप्रभात
रांची, बुधवार
24.05.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 308 12



अक्षय कुमार ने केदारनाथ में किया पूजा

## न्यूज डायरी

### राहुल गांधी को कोर्ट में सशरीर होना होगा हाजिर

**रांची।** एमपी-एमएलए कोर्ट से राहुल गांधी को राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने 16 जून को सशरीर हाजिर होने का आदेश दिया है। राहुल गांधी की ओर से इस बाबत झारखंड हाईकोर्ट में भी याचिका दायर की गयीं है।

### मकान का छज्जा गिरने से घायल मां-बेटे की मौत

**गिरिडीह।** जिले के पचंबा थाना क्षेत्र के कमर साली में नवनिर्मित मकान का छज्जा गिरने से गंभीर रूप से घायल मां-बेटे की मंगलवार को मौत हो गयी। सोमवार देर रात मो जफरुद्दीन अंसारी के नवनिर्मित मकान का छज्जा गिर गया था।

### राष्ट्रपति संग देवघर में बाबा की पूजा करेंगे सांसद

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को तीन दिवसीय दौरे पर रांची आ रही हैं। इसे लेकर मंगलवार को राष्ट्रपति भवन से झारखंड के मुख्य सचिव को पत्र भेजा गया। गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे विशेष आमंत्रण मिला है। वह राष्ट्रपति के साथ भोलेनाथ के दर्शन करेंगे।

### पलामू में प्रेमी जोड़े ने की आत्महत्या

**पलामू।** जिले से प्रेमी जोड़े का शव बरामद किया गया है। लड़की की जून में शादी होनी थी। आशंका है कि इसी कारण दोनों ने आत्महत्या की होगी। घटना पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के चराई पंचायत के केरकीकला गांव की है।

### कार ने बारातियों को रौंदा, 3 मौत, 20 घायल

**ओरमांझी।** राजधानी रांची के ओरमांझी थाना क्षेत्र के सिकिदिरी-ओरमांझी पथ के सांडी चौक पर सोमवार देर रात 2:30 बजे एक अनियंत्रित कार चालक ने लड़की के घर के बाहर खड़े बारातियों को रौंद दिया। इनमें से तीन बारातियों की मौत हो गयी। 20 से ज्यादा लोग घायल गये।

### लोहरदगा की स्मृति को मैट्रिक में 10वां स्थान

**लोहरदगा।** मैट्रिक की परीक्षा में लोहरदगा की बेटी श्रुति कुमारी ने पूरे राज्य में दसवां स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। श्रुति अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और विद्यालय की शिक्षिका को देती हैं। श्रुति के पिता एक बीमा कंपनी में एजेंट हैं। वह आईएएस बनकर देश सेवा करना चाहती है।

### सिडनी में पीएम नरेंद्र मोदी ने बांधा समां

**सिडनी।** पीएम मोदी ने सिडनी के कुडोस बैंक एरिना में आयोजित सामुदायिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मोदी जब स्टेज पर पीएम आए, तो पूरा स्टेडियम 'मोदी मोदी' नाम से गूंज उठा। उनके साथ ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज ने भी द लिटिल इंडिया गेटवे की आधारशिला रखी।

### गर्मी से राहत नहीं, 25 26 और 27 को बारिश!

**रांची।** राज्य में भीषण गर्मी से लोग कराह रहे हैं। राज्य के अधिकांश जिलों का तापमान 40 डिग्री से ऊपर है। जमशेदपुर 42 और रांची का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। पिछले 24 घंटे की बात करें तो पलामू का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस था। मौसम विभाग के अनुसार इधर कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि एक तरफ लू का प्रकोप जारी है तो दूसरी तरफ कहीं-कहीं बारिश भी हो रही है। मौसम विभाग की मानें तो 25, 26 और 27 मई को राज्य के अधिकांश हिस्सों में गरज के साथ बारिश होने के आसार हैं। इधर, मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक, राज्य में आने वाले हफ्ते में हीट वेव का असर कम देखने को मिलेगा।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

## जैक बोर्ड : मैट्रिक में बेटियों ने बिखेरा जलवा, तो इंटर में बेटों का बोलबाला

# मैट्रिक में जमशेदपुर की श्रेया सोंगरी और इंटर साइंस में रामगढ़ की दिव्या स्टेट टॉपर

**जैक बोर्ड फैक्ट फाइल**
- इंटर में 81.45 प्रतिशत पास पिछले साल से 10.74 प्रतिशम कम
- मैट्रिक में 95.39 प्रतिशत पास पिछले साल से 0.22 प्रतिशत कम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से मंगलवार को 10वीं (मैट्रिक) और 12वीं विज्ञान (इंटर साइंस) बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया। स्कूली एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार, जैक चेयरमैन डॉ अनिल कुमार महतो और उपाध्यक्ष डॉ विनोद सिंह समेत बोर्ड के सदस्यों ने संयुक्त रूप से जारी किया। मैट्रिक में 95.38 प्रतिशत परीक्षार्थी पास हुए हैं, जो पिछले साल की तुलना में .22 प्रतिशत कम है। पिछले साल मैट्रिक में 95.60 प्रतिशत छात्र पास हुए थे। वहीं इंटर साइंस में 81.45 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जो पिछले साल से 10.74 प्रतिशत कम है। पिछले साल इंटर साइंस में 92.19 प्रतिशत छात्र पास हुए थे। इस बार मैट्रिक के टॉप-10 की लिस्ट में 64 स्टूडेंट्स शामिल हैं। वहीं इंटर के टॉप-10 की लिस्ट में 29 छात्रों के नाम हैं। मैट्रिक में बेटियों ने जलवा बिखेरा तो इंटर में बेटों का बोलबाला रहा।

**पहली बार जैक ने जारी की है टॉपरों की सूची :** पहली बार जैक द्वारा अधिकृत रुप से टॉपरों की लिस्ट जारी की गई है। मैट्रिक के टॉप-10 की लिस्ट में 64 स्टूडेंट्स शामिल हैं। वहीं इंटर के टॉप-10 की लिस्ट में 29 छात्रों के नाम हैं। मैट्रिक की परीक्षा में 427294 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिसमें 407559 उत्तीर्ण होने में सफल रहे। इसी प्रकार इंटर की परीक्षा में 73833 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिसमें 54881 सफल रहे हैं। बताते चलें कि मैट्रिक की परीक्षा इसी साल 14 अप्रैल से शुरू हुई थी, जो पांच अप्रैल तक चली थी। मैट्रिक की परीक्षा के लिए राज्य में 1241 और इंटर की परीक्षा के लिए 466 केंद्र निर्धारित किये गये थे।

### मैट्रिक : 490 अंकों के साथ स्टेट टॉपर बनीं श्रेया सोंगरी



मैट्रिक की परीक्षा में पुरनापानी आदिवासी हाईस्कूल चाकुलिया, पूर्वी सिंहभूम की श्रेया सोंगरी ने 490 अंक के साथ स्टेट टॉपर बनी है। वहीं हाईस्कूल हथियापाथर के सौरभ कुमार पॉल ने 489 अंक लाकर राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार इंदिरा गांधी बालिका हाईस्कूल की हजारीबाग की दीक्षा भारती ने 488 अंक लाकर राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त की है।

### इंटर साइंस : 479 अंकों के साथ दिव्या झारखंड टॉपर



इसके अलावा इंटर की परीक्षा में गवर्नमेंट प्लस टू हाईस्कूल रामगढ़ की दिव्या कुमारी 479 अंक लाकर स्टेट टॉपर बनी है। उसूर्लाइन इंटर कॉलेज रांची की खुशी कुमारी ने 476 अंक लाकर राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त की है। उर्सूलाइन इंटर कॉलेज रांची की प्रियंका घोष और इंटर साइंस कॉलेज हजारीबाग के पवन कुमार राणा ने 475 अंक लाकर संयुक्त रुप से तीसरे स्थान पर रहे हैं।

### रिजल्ट पर एक नजर

छोटानागपुर प्रमंडल में सबसे अधिक 97.03 फीसदी रिजल्ट, मैट्रिक में कोडरमा जिला आया अव्वल

मैट्रिक-इंटर दोनों परीक्षाओं में कोडरमा का परचम, लड़कियों का पास प्रतिशत : 95.54, लड़कों का पास प्रतिशत : 95.19

### जैक अध्यक्ष ने सचिव को किया सम्मानित

शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। के रवि कुमार को जैक अध्यक्ष ने सम्मानित किया। झारखंड बोर्ड का रिजल्ट स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव के रवि कुमार और बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने परिणामों की घोषणा की।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी छात्रों को दी बधाई

मैट्रिक और इंटर साइंस के अव्वल सभी छात्रों को सीएम हेमंत सोरेन ने बधाई दी है। सीएम ने कहा कि झारखंड एकेडमिक कॉउन्सिल बोर्ड मैट्रिक और इंटर (साइंस) परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। आप सभी नित नई ऊंचाइयों को छुएं, यही कामना करता हूं। इस अवसर पर सभी अभिभावकों और शिक्षकों को भी हार्दिक बधाई देता हूं।

## यूपीएससी की परीक्षा में पहली बार टॉप चार में सभी महिलाएं

# पटना सिटी की इशिता टॉपर व बक्सर की गरिमा सेकेंड टॉपर




एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2022 के रिजल्ट का ऐलान किया है। आयोग ने सीएसई की ओर से जारी 2022 टॉपरों की सूची बिहार की दो बेटियां शामिल हैं। इनमें इशिता किशोर पहले और गरिमा लोहिया दूसरा स्थान पाकर इतिहास रचा है। इशिता पटना सिटी और गरिमा बक्सर जिले की रहने वाली हैं। आयोग की ओर से सूची के अनुसार, इशिता किशोर ने सिविल सेवा परीक्षा 2022 में टॉप किया है। इशिता ने ऑल इंडिया रैंक वन पाकर जहां देश में पहला स्थान पाया है। इशिता का ननिहाल परिवार लंबे समय तक झारखंड के गुमला में भी रहा।

टॉप 10 में बिहार के दो अभ्यर्थी ने जगह बनायी है। पहली बार टॉप चार में सभी महिलाएं हैं। स्मृति मिश्रा चौथे और मयूर हजारिका पांचवें स्थान पर जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। इस परीक्षा के माध्यम से आईएएस के लिए कुल 180, आईपीएस के लिए 200, आईएफएस के लिए 38 लोगों का चयन हुआ है। 933 कैंडिडेट सफल हुए है। इसमें 345 जेनरल कैटेगरी के हैं। साथ ही 99 ईडब्लूएस, एससी 154, एसटी 72 और ओबीसी से 263 अभ्यर्थी सफल हैं और ओबीसी से 263 अभ्यर्थी सफल है। आयोग ने कुल 933 उम्मीदवारों (613 पुरुष और 320 महिलाएं) के नाम की सिफारिश की।

### झारखंड ने भी लहराया परचम

#### चतरा के अभिनव 22 की उम्र में बने आइएएस



चतरा जिले के हंटरगंज के गोदावास निवासी मनोज सिंह के पुत्र अभिनव प्रकाश ने दूसरे प्रयास में 279वां रैंक लाकर पूरे झारखंड सहित चतरा का नाम रोशन किया है। अभिनव ने 22 वर्ष की उम्र में आइएएस बनकर जिले का नाम बढ़ाया है। रिश्तेदार, पड़ोसियों की बधाई देने को लेकर भीड़ घर में जुट गये हैं। मंत्री और विधायक ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सफलता पर दादा सुरेंद्र सिंह, बिहारी सिंह, रामदेव सिंह, मां शालता देवी और पूरा परिवार हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर की असीम कृपा और बच्चे की कठिन परिश्रम का परिणाम है कि महज 22 वर्ष की आयु में सबसे कठिन परीक्षा पास किया है।

**रांची के चैतन्य भी सफल रहे :** रांची के एक दैनिक के पूर्व संपादक स्व संत शरण अवस्थी के बेटे चैतन्य ने यूपीएससी में 37वां रैंक हासिल किया। दो वर्ष पूर्व कोरोना से संत शरण अवस्थी की मृत्यु हो गयी थी। चैतन्य की प्रारंभिक शिक्षा रांची के संत थॉमस स्कूल से ही हुई थी।

**गोड्डा के आलोक को मिला 549 वां रैंक :** गोड्डा के आलोक कुमार ने यूपीएससी में 549वां रैंक लाकर अपने जिले का मान बढ़ाया है। आलोक ने प्रारंभिक पढ़ाई गोड्डा के नवोदय विद्यालय से की। आईआईटी में चयन के बाद आई आई टी चाणक्या मुंबई से बीटेक की। मर्चेंट नेवी में सात साल नौकरी के बाद मन नहीं लगा तो यूपीएससी की तैयारी के लिए नौकरी छोड़ दी।

**तोरपा के चंदन को मिला 671वां रैंक :** तोरपा के सेवानिवृत्त शिक्षक देवनारायण महतो और सुशीला देवी के पुत्र चंदन प्रसाद ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 671वां रैंक हासिल कर तोरपा और खूंटी का मान बढ़ाया। चंदन फिलहाल कर्मचारी भविष्य निधि संगठन राउरकेला (ओडिशा) में लेखा पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। चंदन प्रसाद ने 2004 में श्रीहरि उच्च विद्यालय तोरपा से प्रथम श्रेणी में मैट्रिक की परीक्षा पास की थी। 2006 में संत जेवियर्स कॉलेज में प्रथम श्रेणी से इंटरमीडिएट और 2011 में कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग भुवनेश्वर से बीटेक किया था।

# महामहिम को झारखंड का जोहार

आज बाबा वैद्यनाथ की पूजा करेंगी, हाइकोर्ट का नया भवन झारखंड को सौंपेंगी राष्ट्रपति






खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रही हैं। उनके आगमन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। राष्ट्रपति को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। उनके दौरा में देवघर, रांची और खूंटी में कार्यक्रम है। उनकी यात्रा को ले कर मंगलवार को रांची में मॉक ड्रिल हुआ। बड़ी संख्या में आईएएस, आइपीएस, डीएसपी और पुलिस बल को सुरक्षा और विधि-व्यवस्था में लगाया गया है।

बुधवार को राष्ट्रपति दिल्ली से पहले देवघर पहुंचेंगी। वहां बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करेंगी, उसके बाद रांची आयेंगी। रांची में बुधवार की शाम में धुर्वा में नवनिर्मित झारखंड हाईकोर्ट भवन का मुक्य अतिथि के रूप में उद्घाटन करेंगी। वहीं गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डॉ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ रहेंगे। वहीं स्पेशल गेस्ट के रूप में सीएम हेमंत सोरेन, सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस अनिरूद्ध बोस, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र रहेंगे। राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी।

अगले दिन गुरुवार को खूंटी में मिनिस्ट्री आफ ट्राईबल अफेयर्स भारत सरकार के द्वारा बिरसा कॉलेज खूंटी में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। फिर रांची के नामकुम में ट्रिपल आईटी के कन्वोकेशन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लेंगी। रात्रि में राजभवन में ठहरेंगी फिर अगले दिन शुक्रवार को दिल्ली के लिए रवाना हो जायेंगी।

जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 मई को 8:55 बजे देवघर एयरपोर्ट आयेंगी। 9:30 से 10:10 तक बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में होगी पूजा-अर्चना करेंगी, 11:20 बजे देवघर से रांची के लिए रवाना होंगी और 12 बजे रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगी। वहां से राजभवन के लिए रवाना होंगी। इस बीच रास्ते में बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगी फिर अलबर्ट एक्का चौक पहुंचकर अलबर्ट एक्का के प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगी। उसके बाद राजभवन चली जायेंगी। राजभवन से शाम पांच बजे हाईकोर्ट के नये बिल्डिंग के उद्घाटन के लिए तिरिल पहुंचेगी। छह जे कार्यक्रम के समापन के बाद राजभवन लौट आयेंगी। अगले दिन 9:10 बजे एयरपोर्ट से चौपर द्वारा खूंटी के लिए रवाना होंगी और फिर रांची आ कर 3:30 बजे ट्रिपल आईटी के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। उसके बाद राजभवन लौटेंगी। रात्रि में विश्राम करेंगी। अगले दिन 26 मई को 11:10 बजे रांची एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

विशेष पेज दस

# टाटा स्टील की अस्मिता ने माउंट एवरेस्ट पर लहराया तिरंगा

- बिना ऑक्सीजन के चढ़ने का यह दूसरा प्रयास था
- बछेंद्री पाल की शिष्या हैं अस्मिता दोरजी

विशेष संवाददाता



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएफ) में शीर्ष पर्वतारोही और वरिष्ठ प्रशिक्षक अस्मिता दोरजी (38) ने 23 मई, 2023 के शुरुआती घंटों में माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई पूरी की। हालांकि उसने शुरू में सप्लिमेंट्री ऑक्सीजन के बिना चढ़ाई करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन स्वास्थ्य संबंधी कारणों से उसे कैंप 4 (8000 मीटर उंचाई पर) से इसका उपयोग करना पड़ा। कम हवा, तेज हवा और अत्यधिक ठंड सहित चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के कारण कुछ लोगों ने यह उपलब्धि हासिल की है। एवरेस्ट फतह करने के बाद अस्मिता ने बेस कैंप के लिए उतरना शुरू कर दिया है। अस्मिता के पति वरुण कुमार ने बताया कि टीएसएएफ परिवार को उम्मीद है कि अस्मिता बुधवार 24 मई की शाम पांच बजे तक बेस कैंप सुरक्षित लौट आयेगी। (शेष पेज 11 पर)

### 2019 से कठोर अभ्यास कर रही थीं अस्मिता

इन अभियानों ने उनकी पर्वतारोहण यात्रा के नींव के रूप में कार्य किया। उच्चतम शिखर तक पहुंचने के लिए बहुत तैयारी की आवश्यकता होती है, जो उसने अप्रैल 2019 में शुरू की थी। वह पिछले तीन वर्षों से प्रशिक्षण ले रही है, अपनी ताकत और सहनशक्ति में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उसने अपने प्रशिक्षण के हिस्से के रूप में 6000 मीटर और 7000 मीटर की विभिन्न चोटियों पर चढ़ाई की है और लंबी दूरी के लिए साइकिल चलाना और दौड़ना भी जारी रखा। उन्होंने उत्तरकाशी में टीएसएएफ बेस कैंप और जमशेदपुर में दलमा हिल्स में भी काफी ट्रेल रनिंग की है। टीएसएएफ में अन्य एवरेस्टरों के अनुभवों और सीखों ने उनकी तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

### अस्मिता पर टाटा स्टील को गर्व : चाणक्य चौधरी




यह अस्मिता और टीएसएएफ की पूरी टीम के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। हमें अस्मिता पर बहुत गर्व है जिन्होंने पिछले साल सप्लिमेंट्री ऑक्सीजन के बिना चोटी तक पहुंचने के अपने प्रयास के दौरान सिर्फ 100 मीटर की दूरी के बाद भी हार नहीं मानी। अस्मिता की उपलब्धि ने आज माउंट एवरेस्ट पर भारत और टीएसएएफ की कोशिश के इतिहास में एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ दिया है। मुझे विश्वास है कि हम न केवल साहसिक खेलों को बढ़ावा देने बल्कि इस प्रक्रिया में एक स्वस्थ और दृढ़ राष्ट्र बनाने के अंतिम उद्देश्य के साथ अस्मिता जैसे और भी कई चैंपियन तैयार करना जारी रखेंगे। - **चाणक्य चौधरी, टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन के चेयरमैन और टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (कॉरपोरेट सर्विसेज)**

दिनेश गोप से एनआइए की पूछताछ, अमेरिकी राइफल मिली थी

# विदेशी हथियार कनेक्शन पता करने इंटरपोल से मांगी मदद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मोस्ट वांटेड पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद एनआइए विदेशी हथियारों का लिंक तलाश रही है। एनआइए दिनेश गोप से विदेशी हथियार से संबंधित मामले में पूछताछ कर रही है। इस संबंध में एनआइए विदेशी हथियारों की खरीद-बिक्री के मामले में इंटरपोल से भी मदद ले रही है। यह विदेशी हथियार बेल्जियम, चीन, पाकिस्तान और स्कॉटलैंड से मंगवाता था। गौरतलब हो कि एक अक्टूबर, 2021 को लातेहार के सलैया में झारखंड जन मुक्ति परिषद् (जेजेएमपी) के उग्रवादियों से मुठभेड़ में बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट राजेश कुमार की शहादत के बाद पुलिस ने उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए सर्च अभियान तेज कर दिया था। सर्च अभियान में बरामद आठ हथियारों में दो हथियार .30 अमेरिकन स्प्रिंग फील्ड रायफल था। यह वही राइफल है, जिसे कभी अमेरिकन आर्मी इस्तेमाल करती थी। (शेष पेज 11 पर)

स्पीड न्यूज

## एस बी एम हाई स्कूल मानगो के 99.99 % रिजल्ट, पूजा स्कूल टॉपर



**जमशेदपुर।** जैक बोर्ड द्वारा प्रकाशित 10 वीं बोर्ड का रिजल्ट एस बी एम हाई स्कूल, मानगो के विद्यार्थियों का परिणाम 99 .99 प्रतिशत रहा। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के पीछे कड़ी मेहनत की जिससे छात्र-छात्राओं ने बेहतर मार्क्स लाकर अच्छा प्रदर्शन दिया और एसबीएम स्कूल का नाम रोशन लिया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन शिव प्रकाश शर्मा ने बच्चों और शिक्षकों को उनकी सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल के प्रचार्य आर के यादव ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं शिक्षकों और उपस्थित बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## डीसी से बात कर जल सहिया की समस्याओं को दूर करेंगे पार्षद



**जमशेदपुर।** मंगलवार को झारखण्ड राज्य जलसहिया कर्मचारी संघ प्रखंड स्तरीय घाटशिला ब्लॉक का बैठक किया गया। बैठक में जिला परिषद करण सिंह, सुभाष सिंह, सुशीला हांसदा, गोपाल कृष्ण अग्रवाल मीटिंग में उपस्थित हुए। 22 पंचायत के सभी जलसहिया इस मीटिंग में उपस्थित हुईं। संघ की जिला अध्यक्ष नीतू सिंह ने जल सहिया को संबोधित करते हुए कहा कि सभी प्रखंड की जलसहिया से अनुरोध है सभी अपने-अपने प्रखंड में बैठक बुलाकर सभी प्रतिनिधि को बुलाकर अपनी समस्या को बताएं ताकि हमारा जड़ मजबूत होगा तो पेड़ भी मजबूत होगा। हम लोग पद में रहकर किसी का भला ना कर पाए तो फिर पद में रहने का कोई मतलब नहीं है। सभी से मेरा यही अनुरोध है सभी अपने-अपने प्रखंड में बैठक कीजिए और 29 का धरना प्रदर्शन को सफल बनाने का भरपूर प्रयास करें।

# अप्रैल में जिले में 22 सड़क दुर्घटनाओं में 14 की हुई मौत, 8 हुए घायल

## डीटीओ की अध्यक्षता में यातायात एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

### विश्लेषण कर पूर्वी सिंहभूम जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने पर हुई चर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो



समीक्षा बैठक करते डीटीओ दिनेश रंजन। साथ में ट्राफिक डीएसपी कमलकिशोर व अन्य।

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार जमशेदपुर में जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन की अध्यक्षता में यातायात एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएसपी ट्रैफिक कमल किशोर, एनएचएआई के प्रतिनिधि, उत्पाद विभाग, पथ प्रमंडल, रोड सेफ्टी की टीम, टाटा मोटर्स, बस एसोसिएशन तथा अन्य स्टेक होल्डर मौजूद रहे। बैठक में पिछले माह हुई सड़क दुर्घटनाओं, उनके कारण तथा कैसे दुर्घटनाओं पर रोकथाम लगाया जा सकता है इसकी गहन समीक्षा की गई। अप्रैल महीने में 22 सड़क दुर्घटनायें हुईं जिनमें 14 की मौत तथा 9 लोग घायल हुए। सभी दुर्घटना स्थल को लेकर पदाधिकारियों ने समीक्षा की। नेशनल हाईवे में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में वाहनों की तेज गति को प्रमुख कारण बताया गया। हिट एंड रन के 34 मामलों में अबतक 22 पीड़ित परिवारों को मुआवजा भुगतान किया जा चुका है, 12 प्रक्रियाधीन हैं। डीटीओ द्वारा जल्द से जल्द प्रक्रिया बढ़ाते हुए मुआवजा भुगतान का निर्देश दिया गया।

### 496 ड्राइविंग लाइसेंस संस्पेंड, 40 लाख रू जुर्माना वसूला

ट्रैफिक डीएसपी की अनुशंसा पर अप्रैल माह में 496 ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड करने की कार्रवाई की गई। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करते पकड़े गए लोगों से लगभग 40 लाख रूपए जुमार्ना वसूला गया। डीटीओ द्वारा सभी प्रस्तावित स्थलों में सिग्नल अधिष्ठापन को लेकर जुस्को के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया। जिले में चिन्हित 6 ब्लैक स्पॉट में से 4 पर पूर्ण रूप से सुरक्षा उपाय किए जा चुके हैं। शिक्षा विभाग को स्कूलों में गर्मी का अवकाश खत्म होते ही व्यापक जागरूकता अभियान चलाये जाने का निदेश दिया गया। एनएच एवं स्टेट हाईवे में ड्रंक एवं ड्राइव के कारण सड़क दुर्घटना नहीं हो इसके मद्दनेजर लाईन होटल एवं ढाबों में अवैध शराब बिक्री के विरूद्ध लगातार कार्रवाई किया जा रहा है। उत्पाद विभाग ने कुल 6 अभियोग दर्ज किया जिसमें 01 व्यक्ति को जेल भेजा गया है।

**घायलों को सुनहरे घंटे में अस्पताल पहुंचाएं और नगद प्रोत्साहन राशि पायें**

जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने तथा सुनहरा घंटा (गोल्डेन आवर) में अस्पताल पहुंचाने में सहायता करने वाले नेक व्यक्ति को प्रोत्साहित करने हेतु 5000/- रूपए तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की योजना लागू है।

उन्होने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद करें, सुनहरा घंटा में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को चिकित्सीय उपचार मिल जाने से जान बचाई जा सकती है।

## भावी शिक्षकों ने जाना सामान्य स्कूल में नि:शक्त बच्चों का मनोबल कैसे बनाये रखें

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के इग्नू केंद्र (एलएससी - 32051) में 12 दिवसीय कार्यशाला के चौथे दिन प्रथम सत्र की शुरूआत सामूहिक प्रार्थना सभा के द्वारा की गई। इग्नू की बीएड प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ त्रिपुरा झा ने राष्ट्र के विभिन्न प्रांतों से उपस्थित शिक्षार्थियों को भारत की संस्कृतिक विशिष्टता की जानकारी देते हुए पिछले सत्र की प्रतिपुष्टि प्रस्तुत की। छात्रों को लघु समूह में विभाजित कर उन्हें इकाई योजना तैयार करने के दिशा निर्देश दिए एवं प्रथम सत्र हेतु विभिन्न विषयों के शिक्षाशास्त्री ने शिक्षण विषय से स्वचयनित शीर्षक पर एक संकल्पना मानचित्र विकसित कराया। विभिन्न विषयों में 5 ई प्रतिमान पर आधारित पाठ योजना को विकसित करने के लिए विविध युक्तियों पर विस्तार से चर्चा किया। कार्यशाला के द्वितीय सत्र के दौरान विभिन्न शिक्षण विषयों में पाठ योजनाएं तैयार करवाई गई। यह सत्र शिक्षाशास्त्रीय विषयों के आधार पर पांच समानांतर सत्रों में संचालित किये गये। कार्यशाला के तीसरे सत्र में तदानुभूति के बारे में समझ विकसित करने के साथ-साथ बच्चों से तदानुभूतिपूर्वक व्यवहार करने के कौशलो को विकसित करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

# पूर्वी सिंहभूम की बेटी श्रेया सोनगिरी को प्राप्त हुए 98 प्रतिशत अंक

## श्रेया बिटिया की उपलब्धि पर पूरे जिले को गर्व : डीसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने मंगलवार को 10वीं का रिजल्ट घोषित किया जिसमें पूर्वी सिंहभूम जिले की बेटी श्रेया सोनगिरी पूरे राज्य में पहले स्थान पर रहीं। उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने चाकुलिया प्रखंड के आदिवासी उच्च विद्यालय, पुरनापानी की छात्रा श्रेया को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें देते हुए कहा कि आज पूरे जिले को गौरवान्वित होने का अवसर प्राप्त हुआ है जिसके लिए विशेष रूप से श्रेया को बधाई देती हूं। उन्होने कहा कि समस्त जिला प्रशासन उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी हार्दिक बधाई। रिजल्ट घोषित होने के बाद उपायुक्त के प्रतिनिधि के तौर पर श्रेया के घर पहुंचे चाकुलिया के बीआरपी ने मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया तथा परिजनों के साथ खुशी के इस पल को साझा किया।

**उपायुक्त की पहल ने लाया रंग, जिले को राज्य में मिला 5 वां स्थान :** पूर्वी सिंहभूम जिले के सरकारी विद्यालयो में पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा में गुणात्मक सुधार हो, परीक्षा का अनावश्यक तनाव नहीं लें इसके लिए उपायुक्त की पहल पर पिछले 9-10 माह से ही तैयारी शुरू कर दी गई थी। 8 महीने तक 9वीं व 10वीं के बच्चों का मासिक परीक्षा लेना हो या लगातार 4 महीने तक ऑनलाइन क्लास करवाना, उपायुक्त की पहल पर बच्चों को परीक्षा की तैयारी के लिए हरसंभव वातावरण देने का प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया गया। शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए जिले के सबसे बेहतर शिक्षकों के माध्यम से लगातार ऑनलाइन क्लास का आयोजन किया गया। प्रत्येक महीने जिला स्तर पर उपायुक्त द्वारा मासिक मूल्यांकन परीक्षा की समीक्षा किया गया। सभी विद्यालयों के हेडमास्टर के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक की गई, परीक्षा की तैयारी को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन किया गया। परीक्षा में बैठने वाले बच्चों को मॉडल टेस्ट आंसर कॉपी के साथ उपलब्ध कराया गया तथा यू ट्यूब के माध्यम से भी मॉडल टेस्ट पेपर अपलोड कर तैयारी कराई गई। इसका सुखद परिणाम यह रहा कि पिछले वर्ष 94 फीसदी बच्चों के उत्तीर्ण होने की तुलना में इस वर्ष 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 97.31 फीसदी बच्चों ने उत्तीर्ण किया।



डीसी के प्रतिनिधि बीआरपी श्रेया का मुंह मीठा कराते हुए।

### श्रेया समेत इन तीन टॉपरों को डीसी करेंगी सम्मानित

1. श्रेया सोनगिरी- 490- आदिवासी उच्च विद्यालय, पुरनापानी, चाकुलिया
2. कुणाल पाल- 486, आदिवासी उच्च विद्यालय, पुरनापानी, चाकुलिया
3. सोनल कुमारी, 485- प्रगति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जमशेदपुर।

## सीएम हेमंत सोरेन ननिहाल पहुंचे, ममेरे भाई के शादी समारोह में की शिरकत



अपने पिता शिबू सोरेन संग ममेरे भाई की शादी में ननिहाल पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन।

चांडिल। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 23 मई को चांडिल के धातकीडीह स्थित ननिहाल में अपने ममेरे भाई के शादी समारोह के रिसेप्सन पार्टी में शामिल हुए। वे सड़क मार्ग से धातकीडीह पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, मां रूपी सोरेन एवं झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन भी साथ में थे। हेमंत सोरेन शाम करीब छह बजे धातकीडीह पहुंचे थे। उन्होंने वर-वधू को आशिर्वाद दिया। हेमंत सोरेन के आगमन को लेकर धातकीडीह पुलिस छावनी में तब्दील था। सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था थी।

## टाटा स्टील यंग एस्ट्रोनॉमर टैलेंट सर्च विजेताओं की इसरो यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार के मंत्री अशोक चंद्र पांडा ने टाटा स्टील यंग एस्ट्रोनॉमर टैलेंट सर्च (याट्स) 2022- 23 के 20 प्रतिभाशाली विजेताओं के लिए अहमदाबाद में स्थित इसरो के एप्लीकेशंस सेंटर (एसएसी) की यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। 22 मई, 2023 को भुवनेश्वर से शुरू होने वाले इस अभियान में पूरे ओडिशा से छात्र और तारामंडल की निदेशक, संजूलता बेहरा के नेतृत्व में उनके गाइड शिक्षक शामिल हैं। इसका समापन 29 मई को होगा। इस यात्रा का औपचारिक शुभारंभ भुवनेश्वर के पठानी सामंता तारामंडल में किया गया, जिसमें टाटा स्टील के कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस के चीफ सर्वेश कुमार और पठानी सामंता तारामंडल के डेप्युटी डायरेक्टर डॉ सुभेंदु पटनायक सहित प्रतिष्ठित अधिकारियों ने शिरकत की।






# नयी उम्मीद

झारखंड के निर्माण के बाद से ही राज्य की आधारभूत संरचना के विकास को लेकर एक बड़ी उम्मीद बंधी थी जो अब पूरी हो रही है। झारखंड उच्च न्यायालय को नये भवन का लोकार्पण राष्ट्रपति मुर्मू के कर कमलों से हो रहा है। किसी भी राज्य का विकास और राज्य के नव निर्माण की प्रकिया राज्य के कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका के सबसे महत्वपूर्ण भवनों के वास्तुकला और उसकी भव्यता से होकर गुजरती है। राज्य बनने के बाद से ही उच्च न्यायालय के लिये सुविधायुक्त और आने वाले दशक को ध्यान में रखकर एक सुविधाजनक पर्यावरण अनुकूल, व्यवस्थित भवन की आवश्यकता थी। यह आवश्यकता राजधानी रांची के एचईसी परिसर में झारखंड के नये विधानसभा के बगल में बनना आम लोगों के लिये सुविधाजनक होने के साथ बेहतर भी है। किसी भी राज्य के राजधानी को उच्च न्यायालय, विधानसभा और सचिवालय की भव्यता के आलोक में आका जाता है। झारखंड के लिये यह गौरव की बात है कि राज्य का उच्च न्यायालय सुविधा और प्रशासनिक भवन के लिहास से देश का सबसे बड़ा न्यायालय परिसर है। यह राज्य और देश के लिये गौरव की बात है। इस अवसर की भव्यता और अधिक हो गयी जब देश की महामहिम द्रोपदी मुर्मू द्धारा इस न्यायालय के भवन का लोकार्पण होना सुनिश्चित हुआ। महामहिम की गौरवमयी उपस्थिति के साथ ही न्याय का यह भव्य मंदिर देश की न्याय व्यवस्था में गति और व्यवस्था सुनिश्चित करेगा यह उम्मीद आम लोग कर सकते हैं। इस भव्य परिसर की वास्तु विशेषताओं की चर्चा भी चारो ओर है जिससे यह भवन अपने आप में अनूठा है। झारखंड राज्य के सर्वोच्च न्यायिक संस्थान के लिये जिस प्रकार का भवन होना चाहिए था वैसा भवन आम लोगों को एक उम्मीद पैदा कर रहा है बेहतर कल का।

# टॉपर बेटियां

यूपीएससी सीएसई परिणाम 2022 ने सिविल सेवा परीक्षा का फाइनल परिणाम घोषित कर दिया है। इस बार फिर बेटियों ने बाजी मारी। देश के शासन-प्रशासन संचालन में सबसे प्रमुख भूमिका इन्ही अधिकारियों की होती है और सामान्य तौर पर यह माना जाता है कि देश का सबसे शीर्ष प्रतिभा इसी परीक्षा के माध्यम से उतीर्ण होकर देश की सेवा करती है। इस परीक्षा में इशिता किशोर ने टॉप किया है। दूसरे स्थान पर गरिमा लोहिया और तीसेर स्थान पर उमा हसत एन यो चौथा स्थान मयूर हजारिका और पांचवा गहना नव्या जेम्स ने हासिल किया। देश की टॉपर उत्तर प्रदेश से तो दूसरी टॉपर बिहार से रही है। ये दोनों राज्य शैक्षणिक रुप से पिछड़ें माने जाते हैं। लेकिन जिस प्रकार बेटियों ने लगातार मेहनत की है और उस सर्वोत्तम सफलता पाने की साधाना की है उससे देश के बदलते तेवर का अनुमान लगाया जा सकता है। मुख्य परीक्षा में सफल होने वाले लगभग 2,529 उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा 2022 के तहत आईएएस, आईपीएस समेत एलायड सर्विसेज में 1011 पदों पर भर्ती निकाली थी। भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा, भारतीय पुलिस सेवा और केंद्रीय सेवा समूह 'ए' और समूह 'बी' में नियुक्ति के लिए कुल 933 उम्मीदवारों की अनुशंसाा की गई है। अनुशंसित 933 उम्मीदवारों में से 345 सामान्य वर्ग के हैं, 99 ईडब्ल्यूएस के हैं, 263 ओबीसी के हैं, 154 एससी के हैं, 72 एसटी के हैं। आज देश में लड़कियों के कार्यबल दो दशक में तीन प्रतिशत से बढ़कर बीस प्रतिशत हो गया है जो देश के आर्थिक सामाजिक और सांस्कृतिक विकास का परिचय दे रहा है। किसी भी विकसित देश में आधी आबादी के कार्यशील होने के सुखद परिणाम मिले हैं और ऐसी उम्मीद देश में भी बन रही है।


# डेटा की कब, क्या और कहां होती है निगरानी

हाल ही में आई कुछ खोजपरक रिपोर्टों में कहा गया है कि चीन की डेटा एनालिटिक्स कंपनी शेन्हुआ डेटा इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलजी ने करीब 10 हजार भारतीय नागरिकों से जुड़े आंकड़े जुटाए हैं। इन लोगों में कई बड़ी हस्तियां भी शामिल हैं। सवाल है कि कोई कंपनी किस तरह ऐसे आंकड़े जुटाती है और उनका विश्लेषण करती है? सच तो यह है कि इनमें से बहुत सारा डेटा सार्वजनिक या अर्द्ध-सार्वजनिक होता है। आज का कोई भी व्यक्ति लगातार डेटा पैदा करता रहता है। सर्वोच्च न्यायालय ने 2017 में निजता को मौलिक अधिकार बताया था लेकिन भारत में निजी डेटा की निजता को सुरक्षा देने वाला कानून अब तक नहीं बना है। इस बारे में प्रस्तावित कानून में सरकार को अपनी मर्जी से हर तरह का डेटा जुटाने की खुली छूट दी गई है, लिहाजा इसके कानून बन जाने पर भी सरकारी निगरानी के खिलाफ नागरिकों को कोई सुरक्षा नहीं मिल पाएगी।



अधिकतर लोगों ने सोशल मीडिया साइट पर अपनी प्रोफाइल बनाई हुई हैं। फेसबुक, इन्स्टाग्राम, व्हाट्सऐप, ट्विटर, टिकटॉक और यूट्यूब जैसे तमाम प्लेटफॉर्म पर लोगों के अकाउंट हैं। इसके अलावा लोगों की ईमेल आईडी भी होती हैं जिनमें से ज्यादातर गूगल की जीमेल पर हैं। लोग अपना ब्लॉग बनाते हैं या पेशेवर या निजी वेबसाइट भी बनाते हैं। कई लोगों ने लिंक्डइन और कुछ दूसरी पेशेवर साइट पर भी अकाउंट बना रखे हैं। कुछ लोग अपवर्क और वीवर्क रिमोटली जैसी गिग साइट से भी जुड़े हुए हैं। अकादमिक विशेषज्ञ अपने शोधपत्रों एवं उद्धरणों का जिक्र करते हैं और उनके विश्वविद्यालय से संबद्धता भी ऑनलाइन नजर आती है। ऐसा बहुत सारा डेटा कानूनी तरीके से और आसानी से जुटाया जा सकता है। ये डेटा संग्राहक (कलेक्टर) किसी के कामकाजी जीवन, आर्थिक स्थिति, शैक्षणिक पृष्ठभूमि, मनोरंजन संबंधी पसंद, दोस्तों, राजनीतिक रुझान और सामाजिक दृष्टिकोण जैसे तमाम पहलुओं के बारे में जानकारी जुटा सकते हैं।

किसी व्यक्ति की किसी जगह पर मौजूदगी संबंधी जानकारी भी उपयोगी होती है। निजता संबंधी प्रस्तावित कानून में भी इसे निजी डेटा नहीं माना गया है। फूड डिलिवरी सेवा और टैक्सी कैब जैसे कई कारोबार स्थान संबंधी जानकारियों पर आधारित होते हैं।



- देवांशु दत्ता

> अधिकतर लोगों ने सोशल मीडिया साइट पर अपनी प्रोफाइल बनाई हुई हैं। फेसबुक, इन्स्टाग्राम, व्हाट्सऐप, ट्विटर, टिकटॉक और यूट्यूब जैसे तमाम प्लेटफॉर्म पर लोगों के अकाउंट हैं। इसके अलावा लोगों की ईमेल आईडी भी होती हैं जिनमें से ज्यादातर गूगल की जीमेल पर हैं। लोग अपना ब्लॉग बनाते हैं या पेशेवर या निजी वेबसाइट भी बनाते हैं। कई लोगों ने लिंक्डइन और कुछ दूसरी पेशेवर साइट पर भी अकाउंट बना रखे हैं।

आपके फोन का एक विशिष्ट अतंरराष्ट्रीय मोबाइल उपकरण पहचान (आईएमईआई) नंबर होता है। दो सिम वाले फोन में दो आईएमईआई नंबर होते हैं। इस तरह किसी भी हैंडसेट को सिम के साथ ट्रैक किया जा सकता है। हरेक सिम का भी विशिष्ट नंबर होता है। आईएमईआई और सिम के नंबर क्लोन किए जा सकते हैं लेकिन वह न तो आम है और न ही कानूनी।

अगर आपका फोन ऑन होते ही सबसे नजदीकी मोबाइल टावर से संपर्क स्थापित करता है। इस तरह आपके दूरसंचार सेवा प्रदाता को आपकी मौजूदगी वाले क्षेत्र के बारे में पता चल जाता है। अगर फोन में जीपीएस ऑन है तो आपकी वास्तविक लोकेशन भी पता चल जाती है। आरोग्य सेतु ऐप लोकेशन की जानकारी का ही इस्तेमाल करता है। ब्लूटुथ ऑन होने पर भी लोकेशन पता चल जाता है। ऐंड्रॉयड ऑपरेटिंग प्रणाली में वाई-फाई नेटवर्क तलाशने पर लोकेशन डेटा भी दर्ज हो जाता है। इसका मतलब है कि वाई-फाई ऑन रखने से हम अपनी लोकेशन भी बता देते हैं। शॉपिंग मॉल में लगे हार्डवेयर बीकॉन और रेडियो आवृत्ति पहचान (आरएफआईडी), मेट्रो पास एवं टॉल पर इस्तेमाल होने वाले स्मार्ट कार्ड से भी लोकेशन की जानकारी मिलती है। विज्ञापनों के सर्वर को भी विज्ञापन की जगह के बारे में पता होता है। इस डेटा को कई तरह से हासिल किया जा सकता है। ऐसे गुमनाम डेटा का बहुत बड़ा बाजार है। थोड़ी अतिरिक्त जानकारी की मदद से गुमनाम डेटा को अक्सर गुमनामी से बाहर निकाला जा सकता है और चिह्नित लोगों के साथ उसे संबद्ध किया जा सकता है। कई हैंडसेट में विनिमार्ता द्वारा क्लॉउड बैकअप सेवा भी दी जाती है। वह क्लॉउड सर्वर लॉगिंग की जगह हो सकता है। उबर और जोमैटो जैसे कई ऐप लोकेशन मांगते हैं। अगर आप फोन सेटिंग्स में जाएं तो पता चलेगा कि कई ऐप लोकेशन डेटा का इस्तेमाल करते हैं। अगर लोकेशन डेटा को एक डिजिटल मानचित्र से जोड़ें और कुछ अन्य सूचनाएं भी मिल जाएं तो हम किसी फोन उपभोक्ता की 24 घंटे की गतिविधियों के बारे में बेहद सटीक अनुमान लगा सकते हैं। इसके अलावा लेनदेन संबंधी डेटा भी होता है। उम्मीद है कि क्रेडिट कार्ड एवं डेबिट कार्ड सेवाएं नेटबैंकिंग सेवाओं की तरह सुरक्षित हैं। लेकिन ई-कॉमर्स साइट पर खरीदारी करते समय आपके क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड की जानकारियां भी दर्ज होती हैं और ये साइट उसे स्टोर कर लेती हैं। अगर डेटा कलेक्टर ने शॉपिंग ऐप तक पहुंच हासिल कर ली तो वह लेनदेन संबंधी जानकारियां भी ले सकता है।

जब कृत्रिम मेधा (एआई) के जरिये उन सूचनाओं के अंबार में से पैटर्न तलाशा जाता है तो अचंभित करने वाली बातें होती हैं। डिजिटल मार्केटिंग के एक बड़े हिस्से में लक्ष्य तक पहुंचने के लिए ऐसे विशाल डेटा का इस्तेमाल होता है। नेटफ्लिक्स, यूट्यूब और एमेजॉन पर दर्शक को अगले वीडियो या फिल्म के बारे में सुझाव देने के लिए एल्गोरिद्म का इस्तेमाल होता है। गूगल आपके ईमेल और ऑनलाइन सर्च से मिले पैटर्न के हिसाब से विज्ञापन भी भेजता है।

वर्ष 2012 में अमेरिकी खुदरा विक्रेता टारगेट ने एक बड़े विवाद को जन्म दिया था जब उसने एक उपभोक्ता को होने वाले बच्चे के जन्म का बधाई संदेश भेज दिया था। साइट ने ऑनलाइन सर्च और खरीदारी रुझान के आधार पर बच्चे के जन्म का अंदाजा लगाकर संदेश भेजा था। जबकि वह खरीदार एक नाबालिग लड़की थी और उसके मां-बाप को गर्भावस्था के बारे में कोई खबर नहीं थी। डेटा माइनिंग की सटीकता एवं दायरा दोनों ही अचंभित करता है। मान लीजिए कि आप तिरुवनंतपुरम में चिली बीफ फ्राई ऑर्डर करने के लिए क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं। उस ऑर्डर की रसीद से यह भी पता चल सकता है कि आपने क्या और कहां खाया?

## खास बात

### योग के लिये मानसिक स्थिति

स्वामी मुक्तरथ



**योगाभ्यास** शुरू करने से पहले सही मानसिक स्थिति क्या है?

- योग आसन हमेशा मन को शांतिपूर्ण अवस्था में रख कर किए जाने चाहिए। शांति और स्थिरता के विचार के साथ अपने मन को भरें और अपने विचारों को बाहारी दुनिया से दूर कर स्वयं पर केंद्रित करें। सुनिश्चित कर लें कि आप इतने थके ना हों कि आसन पर ध्यान केंद्रित करने में असमर्थ हों अगर थकान ज्यादा हो तो केवल रिलैक्स करने वाले आसन ही करें।

योगाभ्यास के दौरान सही मानसिक स्थिति क्या है? -आप जो आसन कर रहे हैं, उस पर गहरा ध्यान लगायें। शरीर के जिस अंग पर उस आसन का सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है, उस पर अपनी एकाग्रता केंद्रित करें। ऐसा करने से आपको आसान का आशिकतम लाभ मिलेगा। आसन करते समय, श्वास बहुत महत्वपूर्ण होता है। आसन के लिए जो सही श्वास करने का तरीका है वैसा ही करें (कब श्वास अंदर लेना है और बाहर छोड़ना है)। अगर आपको इसका ग्यात ना हो तो जो सामान्य लयबद्ध श्वास रखें।

योग की शुरूआत करने के लिए टिप्स और सुझाव - अगर आप योगाभ्यास जीवन में पहली बार शुरू कर रहे हैं या योग से ज्यादा परिचित नहीं हैं, तो इन बातों का खास ध्यान रखें:

अपने योगाभ्यास को धैर्य और दृढ़ता के साथ करें। अगर आपके शरीर में लचीलापन कम है तो आपको शुरूआत में अधिकतर आसन करने में कठिनाई हो सकती है। अगर आप पहले-पहले आसन ठीक से नहीं कर पा रहे हों तो चिंता ना करें। सभी आसान दोहराव के साथ आसान हो जाएँगे। जिन मांसपेशियों और जोड़ों में खिंचाव कम है, वह सब धीरे-धीरे लचीले हो जाएँगे।

अपने शरीर के साथ जल्दबाजी या जबरदस्ती बिल्कुल ना करें। शुरूआत में आप सिर्फ. वही आसन कर सकते हैं जो आप आसानी से कर पायें। बस इतना ध्यान रखिए की आपकी श्वास लयबद्ध हो।


(सत्यानंद योग मिशन रांची)

हमारे युवा देश का भविष्य हैं। सम्पूर्ण विश्व भारतीय युवाओं को बेहद आशा भरी नजरों से देखता है। उनकी ऊर्जा, विश्वास और जज्बा ही नए भारत के निर्माण का आधार है। आज के संवाद के दौरान एक बार फिर युवाओं में भारत को नवनिर्माण की दिशा में ले जाने वाली सकारात्मकता और उद्यमशीलता दिखाई दी।

**– ओम बिरला, अध्यक्ष, लोकसभा**

## रोचक ट्वीट

आत्म-अनुशासन वास्तव में सार्थक और महान जीवन कुंजी है।अनुशासित व्यक्ति जीवन के प्रत्येक आयाम पर सफलता शांति और उदात्त आनंद का अनुभव करता है। अतः बाह्यन्तर अनुशासित रहें।



**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**



राष्ट्र की स्वतंत्रता तब सार्थक होती है जब जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक निर्बाध पहुंचे।देश महसूस कर रहा है कि 8 साल पहले समग्र स्वतंत्रता की शुरूआत।

**– अन्नपूर्णा देवी, सांसद**

# अध्यात्म की सीढ़ी

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**भगवान,** कृपा करके यह बताया जाए क्या हमारे हिंदू धर्म में मंदिर और मूर्ति पूजा का प्रावधान क्यों किया गया और इसका रहस्य क्या है? ज्ञान मार्तंड श्री स्वामी जी महाराजः हिंदू धर्म में जो भी कर्मकांड का प्रावधान किया गया है वह वैज्ञानिक है और हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों द्वारा बहुत ही सोच समझ कर बनाया गया है। जरा सोचिए यदि यह मंदिर और उसके अंदर देवी देवता का प्रावधान नहीं होता तो क्या हम समझ पाते कि भगवान भी कोई है उनकी पूजा भी होती है और पूजा का पूजा का तरीका इस प्रकार है। मंदिर नहीं होता तो हमारे अंदर भगवान की कल्पना भी नहीं होती यह प्रथम पाठशाला है बिना इस पाठशाला से गुजरे कोई भी अध्यात्म की अगले सीढ़ी पर नहीं चढ़ सकता। यह मंदिर ही है जो हमारे अंदर श्रद्धा और भगवान के प्रति विश्वास का बीज डालता है। कितना बड़ा विद्वान हो या डॉक्टर इंजीनियर हो या उच्च अधिकारी हो सबको प्राथमिक स्कूल से होकर ही गुजारना पड़ता है। मगर प्राइमरी में पड़े बिना कोई भी आगे नहीं पढ़ सकता। हमारे मंदिर मस्जिद अध्यात्म का प्राइमरी पाठशाला है इसके खिलाफ बोलने वाला व्यक्ति न धार्मिक हो सकता है और ना अध्यात्मिक हो सकता है। आप कहेंगे कि बहुत से संतो ने मूर्ति पूजा का विरोध किया है इसकी आलोचना की है। लेकिन बात ऐसी नहीं है। हमारे धर्मो को संकेतों के माध्यम से समझने की की जरुरत होती है।

.(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम )

## कार्टून वर्ल्ड

**सोशल मीडिया की आभासी दुनिया**



## लेटर टू एडिटर

### यूएसए में हिंदी

**'हिंदी'** प्रवासी भारतीयों की अस्मिता है। अमेरिका के हर शहर के वातावरण को हिंदीमय बनाने के लिए अमेरिका के साहित्यकार विश्वविद्यालयों में जाकर युवा पीढ़ी से संवाद स्थापित करते हैं और हिंदी की महत्ता और इसकी समृद्धता के बारे में बताते हैं। अमेरिका में भारतीय हिंदी को बढ़ाने के लिये जी जान से जुटे हैं। देश में भी ऐसे प्रयास हो।

**– अभिजित, गढ़वा**

### आत्मनिर्भर भारत

**अब** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलौनों के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया है। इस दिशा में यदि हम आगे बढ़ते हैं तो करोड़ों लोगों का रोजगार तो मिलेगा ही बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा बचेगी। भारत में खिलौना निर्माण का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। मोहन-जोदड़ो और हड़प्पा के उत्खनन में अनेक प्रकार के खिलौने मिले हैं।

**– विवेक, हजारीबाग**

# पीएम मोदी ही हैं इस सम्मान के हकदार



**मनोज शर्मा**

**कल** पापुआ न्यू गिनी के पीएम जेम्स मरापे पीएम का पैर छूए। ये वाकया चर्चा में है, बीबीसी भी इसपर लिख रहा है।

भारत में पैर छूना आदर और सम्मान का सूचक है?। कहा भी गया है कि पैर उसी का छूते हैं जिसका बहुत ज्यादा आदर करते हैं। लेकिन भारत से हजारो किमी पूर्व में एक अलग थलग से द्वीप देश का पीएम अगर हमारे पीएम का पैर छूयें तो ये कई मायने में आश्चर्यजनक बात है।जैसे...

जेम्स मरापे के मन में ये भाव आ सकता था कि वह भी एक पीएम हैं वह क्योंकर छोटा दिखें?

पापुआ न्यू गिनी भारत से बिल्कुल अलग संस्कृति रहन सहन वाला देश है। वह कैसे हमारे भारतीय परंपरा को आत्मसात कर लिया?

भारत ने कोरोना काल में ब्राजील जैसे बड़े देश से लेकर लैटीन अमेरिका के किसी गरीब और कुछेक लाख आबादी वाले देशों को भी फ्री में वैक्सीन और राहत सामग्री भेजी।

ब्राजील के प्रधानमंत्री तो वैक्सीन पाकर अभिभूत हो गये और कह बैठे कि जैसे हनुमान जी संजीवनी बूटी लेकर आये थे वैसे ही भारत ने हमारे लिये हनुमान बन कर संजीवनी बूटी भेजा है।

याद किजिये उस वैश्विक संकट में जब अमेरिका की फाइजर सरीखी कंपनियां अप्रभावी वैक्सीन को दुनिया भर में ब्लैकमेल कर बेचने के फिराक में थी

## चिंतन



तब भारत वेनेजुएला जैसे देशों को निशुल्क वैक्सीन मानवता के नाते भेज रहा था।उसी समय चीन पूरे विश्व से मदद में मिले उपकरणों को यूरोप में पैसे लेकर बेच रहा था।

हमने चिर शत्रु तुर्की को भूकंप के बाद आपरेशन दोस्त चला कर दिल खोल कर मदद की। इसके लिये तुकीर्वासी आभार जताते रहे।श्रीलंका ,मालदीव,नेपाल सभी की मदद हमने की है।

हाल में हमारे शत्रु देश चीन की नौका डूब गयी तो भारत ने शत्रुता भूल कर अपना खोजी विमान भेजा।

भारत सरकार ने वैश्विक संकट में बिना भेदभाव के छोटे से छोटे देश की मदद की है।

अब कल्पना करें कि भारत की जगह अमेरिका, चीन, ब्रिटेन या यूरोप के देश होते तो क्या बगैर ₹एक हाथ से दो एक हाथ से लो₹ के किसी की मदद करते?

विश्व को यह समझना होगा कि भारत और भारतीय विश्व को एक परिवार समझते हैं। हम किसी को मदद के नाम पर धन देकर धर्म नहीं बदलवाते, हम किसी को ये नहीं कहते कि सिर्फ हमारे परमेश्वर ही तुम्हारा उद्धार करेंगे , हम कभी नहीं कहते कि हमारे भगवान ही सर्वोपरि हैं और बाकियो की आस्था अंधविश्वास है। अब ऐसे देश के पीएम का कोई पैर छूता है तो यह उनका यथोचित वैश्विक सम्मान है।

**(पत्रकारिता विभाग रांची विवि)**

# भयावह रूप लेता कैंसर और विवश दुनिया

**ज्ञानेन्द्र रावत**

## स्वास्थ्य

**आज** कैंसर समूची दुनिया में भयावह रूप ले रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो भारत में बड़ी संख्या में लोग कैंसर के शिकार होकर जान गंवा रहे हैं। कैंसर के मामले में दुनिया के 172 देशों की सूची में भारत का स्थान 155वां है। यदि एनसीडीआईआर और आईसीएमआर की मानें तो भारत में कैंसर के मरीज तेजी से बढ़े हैं, इसमें 2025 तक 12 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो जायेगी। भारत में प्रति लाख 70.23 लोग कैंसर से पीड़ित हैं। राष्ट्रीय कैंसर संस्थान की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर साल 13.9 लाख कैंसर के नये रोगी सामने आ रहे हैं। इनमें सात लाख महिलाएं होती हैं। इनमें से साढ़े तीन लाख मौत के मुंह में चली जाती हैं। देश में हर साल 70 हजार लोगों की मौत होती है, जिनमें 80 फीसदी की मौत बीमारी के प्रति उदासीन रवैये के कारण होती है। जबकि रोजाना 1300 से ज्यादा लोग बीमारी के शिकार हो रहे हैं।

गौरतलब है कि सन 1990 के मुकाबले देश में प्रोस्टेट कैंसर के मामलों में 22 फीसदी, महिलाओं में ब्रैस्ट कैंसर के मामलों में 33 फीसदी और सरवाइकल कैंसर के मामलों में तकरीबन 3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। अब तो ब्रैस्ट कैंसर के मामले 23 से 30 वर्ष की महिलाओं में ज्यादातर पाये जाते हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार जिस तरह डायबिटीज और हृदय रोग एक कारण से नहीं होते, उसी तरह कैंसर का भी एक कारण नहीं होता। इसके पीछे पश्चिमी जीवनशैली, डेरी उत्पादों का गलत तरीके से सेवन, रासायनिक प्रदूषण, प्रोसेस्ड फूड, कब्ज व गैस्ट्रिक समस्या की भी अहम भूमिका है। कैंसर के बढ़ते मामलों में रासायनिक खादों के इस्तेमाल में हो रही वृद्धि, खासकर ग्लाइफोसेट पेस्टीसाइड जिस पर बहुतेरे देशों में पाबंदी है व बढ़ रहे प्रदूषण की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता।

दरअसल, कैंसर का तात्पर्य शरीर में अनियंत्रित रूप से वृद्धि करने वाली कोशिकाओं से है। ये बेवजह वृद्धि कर ऊतकों को प्रभावित करती हैं और फिर धीरे-धीरे शरीर के बाकी हिस्सों को भी अपनी चपेट में ले लेती हैं। आमतौर पर शरीर का वजन बढ़ जाना, व्यक्ति की शारीरिक सक्रियता में कमी होना, दोष पूर्ण व असंतुलित तैलीय व मसाले युक्त खान-पान, व्यायाम न कर पाना, नशीले और मादक पदार्थों के अत्यधिक सेवन ही से इस रोग की चपेट में आने की संभावना ज्यादा रहती है। चाय या फिर कॉफी आदि पेय पदार्थों के अत्यधिक सेवन से कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। दरअसल, चाय और कॉफी में अन्य पेय पदार्थों के मुकाबले 4000 से ज्यादा घातक तत्व पाये जाते हैं। दवाओं का साइड इफेक्ट और आनुवंशिकता भी इसका अहम कारण है। अब तो बच्चे, नौजवान और वृद्ध भी इस बीमारी की चपेट में हैं।

निस्संदेह, ज्यादा तला-भुना खाना सेहत के लिए हानिकारक है। फिर भी लोग बड़े स्वाद और चाव से खाते हैं। अमेरिकी नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट के अध्ययन के अनुसार, लोगों का यह शौक ही उनके लिए जानलेवा हो सकता है। अमेरिकी कैंसर सोसायटी की पोषण व शारीरिक गतिविधियों की मैनेजिंग डायरेक्टर कोलीन डायल का कहना है कि अक्सर भुने हुए खाद्य पदार्थों का कुछ काला और जला हुआ हिस्सा वास्तव में हैट्रोसाइक्लिक एमिनंस या एचसीए होता है। यह ज्यादातर उस समय बनता है जबकि खाद्य पदार्थ यथा मांस, चिकन या मछली को ऊंचे ताप पर भूना जाता है। जो हानिकारक होता है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*


फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com


R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### टंडवा पुलिस ने फरार आठ अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा के सीनियर डीएसपी शम्भू सिंह के पहल पर पुलिस ने एक आरोपी सहित कुल आठ वारंटियों को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार डीएसपी के नेतृत्व मे एक टीम का गठित कर सोमवार देर रात्रि फरार अभियुक्तों के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 7 वारंटी एवं एक कांड में सहित कुल 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। जो काफी दिनों से गिरफ्तारी के डर से फरार चल रहे थे। जिसमें प्रभु राणा राजेश राणा रामदेव भुइयां त्रिभुवन महतो हुलास महतो विजय ठाकुर राजेंद्र साव एवं कांड में वीरेंद्र उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह पुलिस अवर निरीक्षक अभिनव आनंद रोहित कुमार यादव भोला नाथ दास अशोक कुमार एवं टंडवा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

### पुलिस ने चार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर चार लोगों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेजा। जिसमे तीन लाल वारंटी अभियुक्त कारू गंझू, रामोतार गंझु,नारायण भारती, तीनो का निस्वास स्थान टिकैतबांध गांव के है। चौथा अभियुक्त अवधेश कुमार यादव को स्थायी वारंट में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### 11 वर्षो से फरार चल रहे दो वारंटियों को जेल

**कोडरमा।** आरपीएफ कोडरमा ने 11 वर्षो से फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार वारंटियों में 45 वर्षीय अशोक यादव साकिन? मुरकट्ट मंझोली, थाना मुफस्सिल जिला गया व 35 वर्षीय प्रमोद? लाल साकिन बद्री पारा थाना मुफस्सिल? जिला गया के नाम शामिल है। वहीं जानकारी देते हुए आरपीएफ प्रभारी जवाहर लाल ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी कोडरमा गया रेल खंड पर ट्रेनों में बुक कराए गए सामानों की चोरी करते थे। जिसे लेकर कोडरमा आरपीएफ में मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि दोनों वारंटियों के घर में होने की? सूचना मिली थी। जिसके बाद स्थानीय पुलिस के? सहयोग से दोनों वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।

### चोरों ने 15 हजार नकद सहित 11 चांदी के सिक्के चोरी की

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** चौधरी ब्रदर्स के गल्ला दुकान से अज्ञात चोरों ने 15 हजार नकदी व 11 चांदी के सिक्के सहित 25 हजार रुपए की चोरी कर ली, घटना रविवार रात? की है। मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने दुकान के मुख्य गेट का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसको लेकर पवन चैधरी की ओर से थाने में मामला? दर्ज कराया गया है। आवेदन में कहा गया है कि व्यापार के गल्ले से 7 हजार, गौशाला समिति के दूध बिक्री का 8 हजार रुपए व दीपावली पूजा के लिए 11 चांदी के? सिक्के जिसकी कीमत 9 हजार रुपए की चोरी कर ली गई।

# मैट्रिक व इंटर साइंस में कोडरमा राज्य में अव्वल

## उपायुक्त ने अधिकारियों व छात्राओं के साथ केक काट कर खुशी का किया इजहार

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने मंगलवार को मैट्रिक और इंटर साइंस परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया। इसमें इस वर्ष भी कोडरमा ने बाजी मार ली। जारी रिजल्ट के मुताबिक मैट्रिक और इंटर साइंस में कोडरमा जिला का रिजल्ट पूरे राज्य में अव्वल रहा। पिछले वर्ष भी दोनों परीक्षाओं में कोडरमा जिला प्रथम स्थान पर रहने का गौरव प्राप्त किया था।

मंगलवार को उपायुक्त आदित्य रंजन ने इस बाबत प्रेस वार्ता कर मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में पूरे राज्य में कोडरमा जिला के अव्वल आने पर सभी को बधाई दी और अधिकारियों व छात्राओं के साथ केक काट कर खुशी का इजहार किया। इस दौरान डीसी श्री रंजन ने कहा कि प्रोजेक्ट रैल और पीएमयू से जुड़े अधिकारियों, कर्मियों व शिक्षकों तथा छात्र छात्राओं ने काफी मेहनत किया, जिसका परिणाम है कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी दोनों परीक्षाओं में कोडरमा का रिजल्ट शानदार रहा, इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा परिणाम में कोडरमा जिला का रिजल्ट 99.041 है, जो राज्य के सभी जिलों से अधिक है। इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा मे 12,525 छात्र छात्राएं शामिल हुए थे, जिसमे 12405 छात्र छात्राएं उर्तीण हुए, इसमे प्रथम श्रेणी से पास होने वाले छात्र छात्राओं की संख्या 9824, द्वितीय श्रेणी से पास होने वाले छात्र छात्राओं की संख्या 2474 जबकि मात्र 107 अभ्यर्थी थर्ड डिवीजन से पास हुए, इसी प्रकार इंटर साइंस में भी कोडरमा का जलवा पूरे राज्य में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष वर्ष भी बरकरार रहा। वहीं इंटर साइंस में जिले का रिजल्ट प्रतिशत 97.20 प्रतिशत रहा, जो पूरे राज्य में सर्वाधिक है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष इंटर साइंस की परीक्षा में 1781 छात्र छात्राएं शामिल हुए थे, जिसमे से 1728 सफल हुए, इसमे प्रथम श्रेणी से सफल होने वाले छात्र छात्राओं की संख्या 1705 है जबकि मात्र 23 छात्र छात्राओं ने ही द्वितीय श्रेणी प्राप्त किये। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ संदीप कुमार मीना, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक व पीएमयू सदस्य मौजूद थे।

# गरीबों के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करूंगा : अभिनव प्रकाश

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** दूसरे प्रयास में ही संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में 279वां रैंक प्राप्त करने वाले हंटरगंज प्रखंड के ग्राम गोदोबर निवासी मनोज कुमार सिंह के होनहार पुत्र अभिनव प्रकाश ने कहा कि वे किसान के बेटे हैं, वे गरीबों के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। कहा कि संवैधानिक दायरे में रह कर हर कार्य करूंगा।

अभिनव ने वर्ष 2022 में जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी दिल्ली से एमए पास किया था। वे नेट क्वालिफाई कर इस समय जेआरएफ कर रहे हैं।

अभिनव प्रकाश ने कहा- शिक्षा के बगैर इस समय कोई भी चीज संभव नहीं है। शिक्षा से ही समाज और देश का कायाकल्प संभव है। उन्होंने बेटियों को बढ़ाने और पढ़ाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने बताया कि उन्हें माता-पिता और पूरे घर का सपोर्ट मिलता रहा। उन्होंने कहा- ईमानदारी और लगन से कभी मुंह नहीं मोड़ना चाहिए। ईमानदारी सबसे बड़ी दौलत है। इस से समझौता नहीं करना चाहिए। एकाग्रता और कठिन परिश्रम से ही सफलता मिलती है। समय-समय पर स्वंय का आकलन भी करना चाहिए कि तैयारी किस स्तर की हो पायी है। उन्होंने कहा- मेरा कैडर कहां मिलता है यह कहना मुश्किल है, लेकिन मेरी प्राथमिकता में झारखंड है। यहां बहुत कुछ करने की संभावनाएं हैं।

### डीसी ने आंगनबाड़ी केंद्रों का लिया जायजा

**कोडरमा।** उपायुक्त की पहल से प्रोजेक्ट किलकारी के तहत जिले के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुदृढ़ करते हुए बच्चों को समावेशी शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में उपायुक्त आदित्य रंजन ने डोमचांच प्रखंड के कलीडीह आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किये। वहीं उन्होनं आंगनवाड़ी केन्द्र का जायजा लेते हुए सेविका व सहायिका सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी बच्चों का बालमित्र आधारित शिक्षा प्रदान करें, विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उनका संपूर्ण विकास करें। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण बदलाव लायें और बच्चों को ठीक से रखना, उनका ध्यान देना, उनका अभिभावकों का काउसलिंग करने की बात कही। मौके पर डीएफओ सूरज कुमार सिंह, पीएमयू सदस्य धनपाल व अन्य मौजूद थे।

# कोडरमा जिले में अब होगी ड्रैगन फ्रूट की खेती

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। उपायुक्त स्वयं गांव-गांव घूमकर ग्रामीणों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को लाभ पहुंचाने के लिए हमेशा प्रेरित करते रहे हैं, ताकि राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आजीविका का स्रोत बढ़ाये और स्वरोजगार जुड़कर आत्मनिर्भर बने।

इसी कड़ी में उपायुक्त आदित्य रंजन ने डोमचांच प्रखंड में जानपुर पंचायत अंतर्गत कालीडीह गांव का दौरा किया। जहां जिला प्रशासन द्वारा जिला में पहली बार ड्रैगन फ्रूट का खेती की शुरूआत हो रही है। उपायुक्त व डीएफओ ने ड्रैगन फ्रूट का पौधा लगाकर शुरूआत की। उपायुक्त ने गांव में स्थित पेड़ की छांव में बैठकर ग्रामीणों को संबोधित किया।

उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार के द्वारा स्वरोजगार से जुड़ने के लिए कई महत्वकांक्षी योजनाओं का संचालन किया जा रहा, उन सभी योजनाओं का लाभ लें। मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बागवानी योजना समेत कई योजनाएं का लाभ लेकर अपनी आजीविका के स्रोत को बढ़ाये। मौके पर बीडीओ उदय कुमार सिन्हा, पीएमयू सदस्य धनपाल व अन्य मौजूद थे।

## एक नजर में

### डीडीसी ने दिया संचालित खातों की जांच करने का निर्देश

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में डीडीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में जिलान्तर्गत कार्यालयों के अधीन संचालित बैंक खातों को रेकन्सिलीऐशन कराने से संबंधित सभी कार्यालय के नजीर एवं प्रधान सहायक के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें प्रखंड, अंचल एवं प्रखंड के क्षेत्रीय कार्यालय के कर्मी प्रशिक्षण कार्यक्रम में ऑनलाइन के माध्यम से जुड़े। इस में डीडीसी ने जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय विभागों में संचालित खातों की जांच करने का निर्देश संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को दिये और कहा कि अनाश्यक खातों को बंद करना सुनिश्चित करेंगे। जिला कोषागार पदाधिकारी ने खातों का रेकन्सिलीऐशन से संबंधित आवश्यक जानकारी दी।

### सिर पर लोहा गिरने से मजदूर की मौत

**कोडरमा।** जिले के जयनगर थाना अंतर्गत हीरोडीह स्थित बंद पड़े फैक्ट्री में मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे स्क्रैप कटिंग के कार्य में लगे एक मजदूर पर लोहे का एंगल गिरने से उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार फैक्ट्री में पिछले एक महीने से कोलकाता की कंपनी आरकेपीआर विन्मय प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा स्क्रैप कटिंग का कार्य कराया जा रहा है। कार्य के दौरान मंगलवार को ग्राम प्रदेशीया, थाना शिवहर, जिला शिवहर, बिहार निवासी 50 वर्षीय प्रमोद साव पिता स्व हरिहर साव के सर पर लोहे का एक एंगल गिर गया। जिसके बाद मजदूर को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान मजदूर की मौत हो गई। मृतक के पुत्र अंकित कुमार ने बताया कि उनके पिता को सुरक्षा हेलमेट, ग्लब्स और सेफ्टी जूता उपलब्ध नहीं कराया गया था।

### जेवरात समेत घर में रखे लाख रुपये की चोरी

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ढोढाकोला में एक घर से जेवरात समेत नगद रुपये की चोरी हो गई। चोरी की घटना तब घटी जब गृहणी गुलशन खातून महिला समूह की बैठक में गई थी। तभी दो चोर घर का दरवाजा तोड़कर लगभग 1 लाख रुपये, सोने और चांदी के जेवरात समेत अन्य सामानों की चोरी कर ले भागे। चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दोनो चोरों की तस्वीर पास में ही लगे एक सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार, गया जेल

**चतरा।** प्रतापपुर पुलिस ने मंगलवार को हथियार के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। युवक की गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के गजवा पास से हुई है। गिरफ्तार युवक के पास से एक गलैमर मोटरसाईकिल, एक 315 बोर का देशी कट्टा, एक 315 बोर का जिन्दा कारतूस, एक 315 बोर का खोखा, एक स्पार्क कंपनी का स्क्रीन टच मोबाइल बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति ने लूट कांड एवं अन्य घटना मे अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

### बैंक ने किया कैंप का आयोजन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत बारिसाखी विद्यालय परिसर में मंगलवार को झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के तत्वाधान में कैंप का आयोजन किया गया। बैंक प्रबंधक अनिल कुमार ने बताया कि केसीसी रेनवल तथा 18 ग्राहकों का खाता खुलवाया गया।

### भाजपा मंडल कार्यसमिति की एकदिवसीय बैठक संपन्न

**कान्हाचट्टी (चतरा)।** भाजपा कान्हाचट्टी मंडल कार्यसमिति की बैठक मंगलवार को शायल बगीचा में मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में दल के आगामी कार्यक्रमों को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा नेता सह उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकताओं के बल पर 2024 में पुन: भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। वहीं भाजपा जिला महामंत्री कार्यक्रम प्रभारी डॉ मृत्युंजय सिंह ने कहा कि मोदी सरकार की 9 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान चलाएंगे।

### रक्तदान से बड़ा कोई और पुण्य कार्य नहीं : बिपिन

**कान्हाचट्टी (चतरा)।** रक्तदान महादान है। इससे हमारे शरीर को कोई नुकसान नहीं होता, बल्कि कुछ जरूरतमंद लोगों की जान बचाने में हमारा योगदान जरूर हो जाता है और इससे बड़ा पुण्य का कार्य और कोई नहीं हो सकता। यह बात कान्हाचट्टी विश्व हिंदू परिषद के मंत्री सह नेत्र जांच केंद्र पांडे महुआ के संचालक बिपिन ने सोमवार को पितीज के एक निजी अस्पताल में एक महिला को रक्त की जरूरत की सूचना मिलने पर अस्पताल में जाकर रक्तदान किया।

### एल 20 समेलन का हुआ आयोजन

**टंडवा (चतरा)।** एनके क्षेत्र के वीआइपी सभागार में सीसीएल, सीकेएस, भारतीय मजदूर संघ के द्वारा एल 20 समेलन का आयोजन किया गया। समेलन की अध्यक्षता सीसीएल सीकेएस के अध्यक्ष मनोज रजक एवं संचालन महामंत्री राजीव रंजन सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोल प्रभारी जेबीसीसीआई सदस्य के. लक्ष्मा रेडी उपस्थित हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रेड्डी ने एल 20 के बारे में बताते देते हुए जेबीसीसीआई के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

### बीएलबीसी ने की समीक्षा बैठक

जयनगर (कोडरमा)। प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति (बीएलबीसी) की बैठक मंगलवार को एलडीएम अजय कुमार राणा की अध्यक्षता में की गई। जिसमें मुख्य रुप से बीडीओ अरूणा कुमारी उपस्थित रही। वहीं बैठक में केसीसी ऋण का गत वित्तीय वर्ष की समीक्षा बैठक की गई।

# महाराणा प्रताप हिंदू धर्म के रक्षक थे : गोपाल सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**कान्हाचट्टी (चतरा)।** प्रखंड के बड़वार गांव में मंगलवार को महाराणा प्रताप की जयन्ती मनाई गई। जिसका अध्यक्षता जितेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर एक विचार गोष्ठी आयोजित कि गई। जयंती कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर महाराणा प्रताप के गौरवशाली इतिहास को याद किया।

विचार गोष्ठी में बोलते हुए राजपूत समाज के सभापति गोपाल सिंह ने कहा समाज में टीका टिप्पणी बिल्कुल बंद करें। तभी समाज का विकास हो पाएगा। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप हिंदू धर्म एवं संस्कृति के रक्षक थे और वे स्वतंत्रता प्रेमी के रूप में विश्वविख्यात है। कई देशों के लोगो महाराणा प्रताप से प्रेरणा लेकर स्वतंत्रता आन्दोलन चलाये है। वही सौरभ सिंह ने महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

भीम सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप एक ऐसा वीर योद्धा है जो घास का रोटी खाना पसंद किया पर अपना मुगलों के सामने सिर झुकाना पसंद नहीं किया। उन्होंने महाराणा प्रताप के ऐतिहासिक प्रसंगों की व्याख्या करते हुये वीरोत्तेजक कविताएं सुनाई। उन्होंने महाराणा प्रताप के उज्ज्वल इतिहास को सामने लाने की आवश्यकता जताते हुये महाराणा प्रताप के जीवनवृत्त व उनके समाज और राष्ट्र को दिये योगदान को याद किया।

### राज्य स्तरीय टीम ने की मनरेगा योजनाओं की जांच

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के अंतर्गत दुआरी पंचायत में राज्य स्तरीय टीम ने मनरेगा योजनाओं से संबंधित कई योजनाओं की जांच की। योजना में आम बागवानी, डोभा, दीदी बाड़ी, अमृत सरोवर व अन्य योजनाएं शामिल हैं। जांच करने आयी राज्य स्तरीय टीम के राजीव कुमार रंजन राज्य समन्वयक दीपक कुमार ने योजनाओं को और बेहतरीन तरीके से काम करने की बात लाभुकों से कही।

# वन विभाग ने पिंजनी गांव से जब्त किया अवैध केंदू पत्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** कुंदा वन प्रक्षेत्र अंतर्गत सेंचुरी वन क्षेत्र के पिंजनी गांव में अवैध रूप से टूट रहे केंदू पता को भारी मात्रा में बरामद किया गया है।भारी मात्रा में अवैध केंदू पता वन विभाग ने किया जप्त ,आगे की कार्रवाई जारी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार माफियाओं द्वारा सेंचुरी वन क्षेत्र में अवैध रूप से केंदू पता संग्रह किए जाने की सूचना वन विभाग को प्राप्त हुई थी सूचना के आलोक में वन विभाग ने पिजनी गांव के समीप जंगल से केंदूपत्ता बरामद की है। केंदूपत्ता की तोड़ाई कर खुले खेतों में सुखाया जा रहा है। वही अन्य कई स्थानों पर सेंचुरी वन क्षेत्र में अवैध रूप से केदूपत्ता संग्रह किए जाने की सूचना मिली है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

# जयनगर में निकली ऊर्जा रथ यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के सभी पंचायतों में बिजली बिल ब्याज माफी योजना को लेकर उर्जा रथ यात्रा निकाली गयी। ऊर्जा रथ यात्रा के द्वारा सभी पंचायतों में ध्वनि यंत्र के द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को सूचित किया गया कि बिजली बिल उपभोक्ता के सहयोग के लिए लग रहे ब्याज को माफ किया जा रहा है।

बिजली बिल ब्याज माफी योजना 1 अप्रैल से 30 जून 2023 तक समय निर्धारित किया गया है। जिन उपभोक्ताओं का बिजली बिल बाकी है, वह झुमरीतिलैया बिजली ऑफिस में जाकर जमा कर दें। साथ ही साथ यह भी सूचित किया गया कि जिनका बिजली बिल अधिक दिनों से बाकी है, वह जमा नहीं कर रहे हैं, इतनी सुविधा के बाद भी अगर अपना बिजली बिल ब्याज माफी के बाद भी जमा नहीं करेंगे तो उनका कनेक्शन काट दिया जाएगा। ध्वनि यंत्र ऊर्जा रथ प्रचार में उपस्थित राजेश कुमार, जरार खान, प्रकाश कुमार आदि मौजूद थे।

# स्ट्रेस मैनेजमेंट सफल जीवन के लिए आवश्यक : प्रो आरपी राय

## चतरा कॉलेज में 'स्ट्रेस मैनेजमेंट ऑफ कॉलेज स्टूडेंट' विषय पर एकदिवसीय सेमिनार का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** चतरा कॉलेज चतरा के मनोविज्ञान विभाग में एकदिवसीय सेमिनार 'स्ट्रेस मैनेजमेंट ऑफ कॉलेज स्टूडेंट' का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न प्राध्यापकों ने स्ट्रेस मैनेजमेंट पर अपना वक्तव्य दिया।

चतरा कॉलेज चतरा के प्राचार्य प्रो आरपी राय ने कहा कि स्ट्रेस मैनेजमेंट सफल जीवन के लिए आवश्यक है। उन्होंने समय प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जिसके सहारे हम स्ट्रैस को कम कर सकते हैं। वही सेमिनार के मुख्य वक्ता मनोविज्ञान विभाग के विभागध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार झा ने तनाव का अर्थ उसके प्रभाव कार्य एवं प्रबंधन का विस्तृत विवेचना प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जीवन में तनाव का रहना स्वाभाविक है, परंतु यदि व्यक्तिगत सीमा में रहते हुए हम उसका सकारात्मक प्रबंधन कर सकते हैं तो तनाव कम किया जा सकता है। उन्होंने तनाव प्रबंधन हेतु योगिक जीवनशैली अपनाने का सुझाव दिया। बीएड संभाग के विभागध्यक्ष डॉ नंद किशोर सुलभ ने सभी को तनाव मुक्त रहने के उपाय बताएं, मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ अंशुमय लायक ने तनाव का कारण जीवन में अत्यधिक मात्रा में अपेक्षा रखना तथा उसे पूरा न कर पाना प्रतिबल का कारण माना है। सेमिनार में राजनीति विज्ञान के विभागध्यक्ष डॉ अलविन वाखला ने अपने विचार रखे उन्होंने तनाव मुक्त रहने के लिए टाइम मेनेजमेंट एवम स्वस्थ खान पान पर विशेष बल दिया। विभिन्न विभाग के प्राध्यापक ने अपने विचार रखे जिसमें अंग्रेजी विभाग के विभागध्यक्ष डॉ मनीष दयाल, उर्दू विभाग के विभागध्यक्ष डॉ बिस्मिला खान, गणित विभाग के विभागध्यक्ष डॉ हेमन्त मिश्रा, बीएड संभाग के प्रोफेसर अमित कुमार, प्रोफेसर ग्लोरिया, प्रोफेसर चंदन आदि ने भी अपने अपने विचार रखे एवम अपनी वात कही, राजनीति विज्ञान के विभागध्यक्ष डॉ अलविन वाखला द्वारा मंच का संचालन एवम धन्यवाद ज्ञापन इतिहास विभाग के विभागध्यक्ष प्रोफेसर विवेक अशीष वाखला ने किया।

# भाजपा टंडवा मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**टंडवा (चतरा)।** स्थानीय नगर भवन टंडवा में भाजपा टंडवा मंडल कार्यसमिति की एक अहम बैठक हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी ने किया। संचालन महामंत्री उदय पांडेय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टंडवा मंडल प्रभारी मिथिलेश गुप्ता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अक्षयवट पांडे उपस्थित रहे।

बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ वर्ष के जनकल्याण कारी कार्यकलापों को घर-घर लोगों तक पहुंच कर लोगों को बताने एवं उसके फायदे लोगों तक पहुंचाने की बात हुई। मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए सभी जन कल्याण कारी कार्य को लोगों के घर घर तक पहुंचाना है तथा लोगों को बताना है। अक्षयवट पांडे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा यह समय भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ समय है जिसमें हम सभी भारतवासी भारतीय होने पर गर्व महसूस करते हैं। और पूरा विश्व देश के प्रधानमंत्री के सामने नतमस्तक इस महान कार्य को जन-जन तक पहुंचाना हम सबों का उत्तरदायित्व मंडल प्रभारी मिथिलेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याण सुविधाओं के अंतर्गत आने वाले विषयों को लोगों को बताना है एवं उनके फायदे लोगों को भी दिलाना है। ईश्वर दयाल पांडे ने कार्यक्रम की सफलता को लेकर प्रत्येक कार्यकताओं में उत्साह भरने का काम किया और देश के प्रधानमंत्री के कार्यों को लोगों तक कैसे पहुंचाना है । इसके बारे में विस्तार पूर्वक बताएं। विजय चौबे ने कहा कार्यकर्ता पार्टी का रीढ़ हैं। कार्यकर्ताओं को महाजनसंपर्क अभियान में प्रधानमंत्री द्वारा किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के बाद आजीवन सदस्यता अभियान का शुभारंभ भाजपा के कासियाडीह के शक्ति केंद्र के संयोजक मुंशी साहू द्वारा किया गया।

# राष्ट्रपति करेंगी देश के सबसे बड़े झारखंड हाई कोर्ट परिसर का उद्घाटन

## राज्यपाल, सीजेआइ, सीएम सोरेन भी करेंगे शिरकत

**प्रभात सिंह की विशेष रिपोर्ट**

**झारखंड** के नये हाईकोर्ट भवन का उद्घाटन बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। यह हाईकोर्ट भवन राजधानी रांची के धुर्वा में लगभग 600 करोड़ की लागत से बनकर तैयार है। हाईकोर्ट के उद्घाटन के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूर्ण के अलावा सुप्रीम कोर्ट के अन्य न्यायाधीश, झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस मौजूद रहेंगे। झारखंड हाईकोर्ट का नया भवन देश का सबसे बड़ा हाईकोर्ट भवन है। इसका कैंपस सुप्रीम कोर्ट के कैंपस भी बड़ा लगभग तीन गुना है। इसके परिसर की शोभा बढ़ा रहे हैं विभिन्न प्रजातियों के तकरीबन 2000 पौधे, जो हरा-भरा सुंदर दिखता है। हाईकोर्ट में शुक्रवार से ग्रीष्मावकाश की घोषणा हो चुकी है। गर्मी की छुट्टियों के बाद नए हाईकोर्ट में न्यायिक कार्य शुरू होगी।

**165 एकड़ में है हाईकोर्ट परिसर**

झारखंड सरकार ने हाईकोर्ट के नए भवन के लिए वर्ष 2012 में 165 एकड़ जमीन मुहैया करायी थी। इसमें 72 एकड़ जमीन पर हाईकोर्ट की बिल्डिंग और वकीलों के लिए आधारभूत संरचना तैयार की गयी है। भविष्य में इसी कैंपस में हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के लिए आवास का निर्माण होना है, जिसमें ऑडिटोरियम, खेल का मैदान के अलावा अन्य सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। कैंपस में वकील और मुवक्किलों की 2000 गाड़ियां एकसाथ पार्क करने की व्यवस्था है।

**जजों के लिए लाइब्रेरी, 5 लाख कानून की किताबें**

नये भवन में न्यायाधीशों के लिए अलग से लाइब्रेरी की व्यवस्था है। इसमें कानून से संबंधित लगभग पांच लाख किताबें रखने की आधुनिक व्यवस्था की गयी है। अलग-अलग स्थान पर सोफा व टेबल लगाये गये हैं।

**कैंपस के मेन गेट पर सेरेमोनियल रैंप बना है**

कैंपस के मुख्य द्वार के सामने सेरेमोनियल रैंप बनाया गया है। जहां से सीधे हाईकोर्ट के मुख्य भवन में प्रवेश किया जा सकता है। लेकिन यह रैंप विशेष अवसर पर ही खोला जाएगा। रैंप के बगल में दोनों ओर फाउंटेन बनाये हैं।



**फरवरी 2013 में जस्टिस ए कबीर ने किया था शिलान्यास**

**जस्टिस अलतमस कबीर ने किया था शिलान्यास, इस ग्रीन बिल्डिंग की ये हैं विशेषताएं...**

हाईकोर्ट के नये भवन परिसर का शिलान्यास 9 फरवरी 2013 को सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश अल्तमस कबीर ने किया था। बिल्डिंग का निर्माण 18 जून 2015 से शुरू किया गया। लगभग 600 करोड़ की लागत से हाईकोर्ट का नया भवन आठ वर्षों में बनकर तैयार हुआ है।

नये भवन में मेंटेनेंस और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है। नए हाईकोर्ट की निगहबानी में 500 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा हाई मास्ट लाइट और एक हाईटेक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है, जहां से पूरी बिल्डिंग की निगरानी और मेंटेनेंस मॉनिटरिंग का काम किया जायेगा। कोर्ट की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों के लिए अलग से बैरक भी बनाए गए हैं। वहीं कैफेटेरिया और डिस्पेंसरी का अलग अलग भवन बनाया गया है।

# पहले व दूसरे तल्ले पर कोर्ट नंबर 1-25 तक का संचालन

**कोर्ट** ब्लॉक के पहले तल्ले पर हाईकोर्ट का कार्यालय रहेगा। चीफ जस्टिस के कोर्ट के साथ कोर्ट नंबर 3, 5, 7, 9, 11 और 13 का संचालन भी इसी बिल्डिंग से होगा। न्यायाधीशों के लिए कॉन्फ्रेंस रूम, जजों के अधीनस्थ कर्मचारियों का कार्यालय, किचन,डाइनिंग रूम चीफ जस्टिस के पीए का कार्यालय, वेटिंग एरिया और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की व्यवस्था भी इसी भवन में है।

बिल्डिंग के दूसरे तल्ले से कोर्ट नंबर 15,17, 19, 21, 23 और 25 का संचालन किया जायेगा और इसी तल पर लाइब्रेरी भी है। कोर्ट भवन की दूसरी ओर पहले तल्ले पर कोर्ट का कार्यालय, कोर्ट नंबर 2,4, 6, 8, 10 और 12 का संचालन भी फर्स्ट फ्लोर पर होगा। वहीं दूसरे तल्ले पर कोर्ट नंबर कोर्ट नंबर 14,16,18,20, 22 और 24 का संचालन होगा। हाईकोर्ट के नये भवन में घुसते ही आपको झारखंड की पारंपरिक नृत्य कला की तस्वीर देखने को मिलेगी।

इसके साथ ही बिल्डिंग के अंदर महात्मा गांधी के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण लम्हो की तस्वीर सजाई गई है। वहीं भीम राव आंबेडकर की जीवनी को भी तस्वीरों के माध्यम से दिखाया गया है।



**बेहतरीन रैनवाटर हार्वेस्टिंग व लगे हैं तड़ित चालक :** नये भवन में फ्लोर लेवल भी 1.2 मीटर बढ़ाया गया है। इस कारण बिल्डिंग का ड्राइंग भी बदला गया था। बिल्डिंग को वज्रपात से बचाने के लिए 32-32 मीटर की दूरी पर छह तड़ित चालक लगाए गए हैं। रेन वाटर हार्वेस्टिंग की बेहतर व्यवस्था की गयी है, ताकि बारिश का पानी कैंपस से बाहर नहीं जा सके।

**इतना बड़ा पार्किंग कि दो हजार वाहन लगेंगे**

**कैंपस** में वकील व मुवक्किलों के 2000 वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गयी है। वहीं न्यायाधीशों के वाहनों के लिए मेंब्रेन रूफ केनोपी वाले पार्किंग की अलग व्यवस्था की गयी है।

**नयी बिल्डिंग में एजी ऑफिस भी**

नयी बिल्डिंग में एडवोकेट जनरल (एजी) कार्यालय में फिनिशिंग का काम पूरा हो गया है। यह ऑफिस एडवोकेट्स ब्लॉक के साथ में बनाया गया है। कोर्ट बिल्डिंग के साथ-साथ एजी ऑफिस को भी तैयार किया गया है। इसमें एडवोकेट जनरल का ऑफिस, चेंबर, लाइब्रेरी और गवर्नमेंट एडवोकेट्स के बैठने की व्यवस्था रहेगी।

**न्यायाधीशों के लिए अलग लाइब्रेरी**

नये भवन में न्यायाधीशों के लिए अलग से लाइब्रेरी की व्यवस्था की गयी है। इसमें कानून से संबंधित लगभग पांच लाख किताबों को रखने की आधुनिक व्यवस्था की गयी है। यहां पर अलग-अलग स्थान पर सोफा व टेबल लगाये गये हैं।

**बोनसाई के पौधे बढ़ायेंगी खुबसूरती**

पूरे परिसर में 20 से लेकर 60 वर्ष तक पुराने बोनसाई के पौधे लगाये गये हैं। ये फाइकर्स बोनसाई के पौधे हैदराबाद के राजमुंदरी से मंगाये गये हैं। ये बोनसाई के पौधे सेरोमोनियल रैंप के अलग-अलग-बगल व सामने लगाये गये हैं। वहीं एक पौधा मुख्य न्यायाधीश के प्रवेश द्वारके पास लगाये गये हैं। विभिन्न प्रजातियों के पौधे कैंपस में तीन लाख वर्ग फीट में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 2000 पौधे लगाये गये हैं। इसमें नीम, आम, पीपल, बरगद, पॉम ट्री के साथ 400 प्रकार के पौधे लगाये गये हैं। वहीं ओपेन स्पेस में गमला में रखे गये पौधे वातावरण को हरा-भरा बना रहे हैं। यह पौधे कोलकाता से मंगाये गये हैं।

## सौर ऊर्जा से दो मेगावाट बिजली




**बिल्डिंग** के अंदरूनी हिस्से में बिजली वायरिंग, फायर फाइटिंग, पानी का कनेक्शन है। सोलर पैनल भी लगाया गया है। इससे दो मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। वहीं बिजली आपूर्ति के लिए एक अलग सबस्टेशन बनाया गया है। डिस्पेंसरी, बैरक के साथ दो टाइपिस्ट भवन भी कैंपस के अंदर डिस्पेंसरी, बैरक व यूटिलिटी भवन के साथ दो टाइपिस्ट भवन भी बनाए गए हैं। 800 टाइपिस्टों के बैठने की व्यवस्था टाइपिस्ट भवन में की गयी है। 32 लिफ्ट, दो स्केलेटर लगे हैं ग्रीन बिल्डिंग में ग्रीन बिल्डिंग में 32 लिफ्ट लगाये गये हैं। लिफ्ट में एक बार 13 व्यक्ति जा सकेंगे। कोर्ट रूम जाने के अलावा एडवोकेटस ब्लॉक और एजी ऑफिस में भी लिफ्ट है। कोर्ट रूम में जाने के लिए दो स्केलेटर भी लगाये गए हैं। एक ग्राउंड फ्लोर पर और दूसरा प्रथम तल पर लगाया गया है।

## कहां क्या लगाया गया है



20 से 60 वर्ष तक पुराने बोनसाई के पौधे लगाये गये हैं।
ये फाइकर्स बोनसाई के पौधे हैदराबाद के राजमुंदरी से मंगाए गए हैं।
बोनसाई के पौधे सेरेमोनियल रैंप के अगल-बगल व सामने लगाए गए हैं।
एक पौधा मुख्य न्यायाधीश के प्रवेश द्वार के पास लगाया गया है।
03 लाख वर्गफीट में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 2000 पौधे लगाये गये हैं। इसमें नीम, आम, पीपल, बरगद,पॉम ट्री के साथ 400 प्रकार के पौधे लगाये गये हैं।
ओपेन स्पेस में गमले में कोलकाता से मंगाये गये पौधे लगाये गये हैं।

## स्टेट ऑफ द बिल्डिंग



- 25 वातानुकूलित कोर्ट रूम बनाये गये हैं।
- 1 कोर्ट रूम चीफ जस्टिस के लिए बना है।
- 24 कोर्ट रूम हाईकोर्ट के अन्य जजों के लिए।
- 5 लाख कानून की किताबें रहेंगी, जजों के लिए अलग लाइब्रेरी।
- 576 एडवोकेट चैंबर।
- 76 चैंबर सीनियर एडवोकेट्स के लिए।
- 2000 वकीलों के बैठने के लिए बड़ा हॉल।
- 10 लाख वर्गफीट ग्रीन बिल्डिंग का क्षेत्रफल।
- 09 फरवरी 2013 को नए भवन का शिलान्यास सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस अल्तमस कबीर ने किया था।
- 18 जून 2015 से शुरू हुआ था बिल्डिंग का निर्माण कार्य।
- 600 करोड़ की लागत से नया भवन 8 वर्षों में तैयार हुआ।

# वकीलों के लिए 576 चैंबर और हॉल भी, दीवारें फायर प्रूफ

वकीलों के लिए 576 चैंबर, 1000 क्षमता के हॉल भी हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेटस सहित सभी एडवोकेटस के बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। इसके लिए कोर्ट बिल्डिंग के आगे दायें-बायें दो ब्लॉक बनाये गये हैं। दोनों ब्लॉक में 288-288 चैंबर यानी कुल 576 एडवोकेटस चैंबर बनाए गए हैं। दोनों ब्लॉक के ग्राउंड फ्लोर में सीनियर एडवोकेटस के लिए नौ फीट गुना 12 फीट (अलग से अटैच कीचन व टॉयलेट भी) के 76 चैंबर बनाये गये हैं। अन्य एडवोकेटस के लिए 11 फीट गुना 12 फीट का चैंबर बनाया गया है।




## बिल्डिंग की दीवार को आग पानी से कोई क्षति नहीं

एडवोकेटस के बैठने के लिए दोनों ब्लॉक में एक-एक बड़ा हॉल बनाया गया है, जिसमें टेबल-कुर्सी सहित 2000 एडवोकेट्स के बैठने की पूरी व्यवस्था रहेग। एक हॉल में 1000 एडवोकेट्स बैठेंगे। चैंबर कक्ष और हॉल का फिनिशिंग कार्य हो चुका है। टेबल-कुर्सियों को लगाने का काम चल रहा है। अग्नि से बचाव के लिए फायर फाइटिंग सिस्टम भी लगा दिया गया है।

**आग, जल और ध्वनि प्रदूषण से सुरक्षित :** इको फ्रेंडली ग्रीन बिल्डिंग की कई विशेषताएं हैं। विशेष कार्य प्रमंडल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता पीके सिंह ने बताया कि पूरी बिल्डिंग की बाहरी दीवार आग, जल और ध्वनि प्रदूषण से सुरक्षित है। बाहरी दीवार के निर्माण में ओडिशा के कटक में निर्मित एएसी ब्लॉक का उपयोग किया गया है। दो ब्लॉक के बीच में रॉकूल दिया गया है। इस कारण बिल्डिंग के अंदर व बाहर के तापमान में हमेशा अंतर रहेगा। यह बिल्डिंग पूरी तरह से इको फ्रेंडली है।

# जैक बोर्ड की परीक्षा में लड़कियों ने फिर मारी बाजी, दीपशिखा प्रखंड टॉपर


टॉपर दीपशिखा कुमारी


सेकेंड टॉपर ब्यूटी कुमारी


थर्ड टॉपर वैष्णवी कुमारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा मंगलवार को दसवीं बोर्ड की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया। चंदवा प्रखंड में एक बार फिर से बेटियों ने बाजी मारी है सफलता का परचम लहराया है। सभी टॉपर खीस्त राजा उच्च विद्यालय के हैं। स्कूल की दीपशिखा कुमारी 476 (95.2 प्रतिशत) अंक लाकर प्रखंड टॉपर होने के साथ पूरे लातेहार जिले में सेकेंड टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया। वही ब्यूटी कुमारी 472 (94.4) प्रतिशत अंक लाकर प्रखण्ड में दूसरे स्थान पर रही जबकि वैष्णवी कुमारी 471( 94.2) प्रतिशत अंक लाकर पूरे प्रखंड में तीसरे स्थान पर रही। इसके अलावे समायरा अंजुम 466 (93.2) प्रतिशत, अंकित कुमार सिंह 463( 92.6) प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमश चौथा पांचवा स्थान प्राप्त किया। सभी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों व शिक्षकों के मार्गदर्शन व कड़ी मेहनत को दिया है। प्रखंड टॉपर के साथ जिले में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली दीपशिखा कुमारी मध्यवर्गीय परिवार से आती है, इनके पिता सरोज शाह चंदवा बाजार में किराना दुकान चलाते हैं, जबकि माता संगीता देवी गृहणी हैं। दीपशिखा आगे चलकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई पढ़ाई कर देश की सेवा करना चाहती हैं। खीस्त राजा उच्च विद्यालय के सचिव फादर एमानुएल केरकेट्टा व प्रधानाध्यापक जोसेफ एक्का, शिक्षक अनूप लकड़ा, शांति एक्का, अविना शंकर, दीपा भेंगरा, सुनीता तिर्की, बसंती कुजूर, रोहित कच्छप, पात्रिका बारला, कुलदीप लकड़ा, रोमानुष नगेसिया, अल्पना पन्ना समेत विद्यालय परिवार के लोगो ने सभी सफल परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सरस्वती विद्या मंदिर के छात्राओं ने मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी से हुए उत्तीर्ण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

लातेहार। सरस्वती विद्या मंदिर के सभी छात्र-छात्राएं मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुवे है। वार्षिक सत्र 2022-23 में सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार से मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में कुल 118 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिसमें सभी 118 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय स्तर पर सर्वोत्तम 10 छात्राओं का परीक्षा परिणाम देखा जाये तो प्रतीक कमल 95.20%, निखिल कुमार 95%, रेशमी कुमारी 94.40%, आयुष अग्रवाल 94.40, शिवानी सहाय 94%, सुमित कुमार 93.80%, हिमांशु 93.60%, साक्षी कुमारी 93.40%, सनाया प्रवीण 93%, विद्या कुमारी 93%, पूजा कुमारी 92.8%, शुभ स्वरूप 92.8% दीपक गुप्ता 92.8%, संस्कार 92.6% प्राप्त किए है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर, सचिव श्नरेंद्र कुमार पांडे, सहसचिव प्रीति भारती, कोषाध्यक्ष ज्योति चौधरी, उपाध्यक्ष राजीव रंजन पांडे, अभिभावक प्रतिनिधि उदय भानु प्रताप सिंह, पलामू विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल, समिति के सभी सदस्य गण दिनेश कुमार महलका, विनीत मधुकर, डॉ चंदन सिंह, मनीष कुमार सभी ने प्रशंसा व्यक्त किया। साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि इस अच्छे परिणाम के हकदार मेहनत करने वाले छात्राओं के साथ अच्छे मार्गदर्शन देने वाले पूरे आचार्य परिवार हैं जिन्हें मैं व्यक्तिगत तौर पर धन्यवाद देता हूं। साथ ही सभी छात्राओं को शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।


शिक्षक व छात्रायें।

## बस एजेंट की बेटी बनी प्रखंड टॉपर, 2021 में मैट्रिक भी की थी टॉप, एमबीबीएस बनना है लक्ष्य

**चंदवा।** झारखंड अधिविध परिषद के द्वारा मंगलवार को जारी किए गए 12वीं विज्ञान संकाय के परीक्षा परिणाम में चंदवा के कुजरी निवासी बस एजेंट की बेटी साक्षी कुमारी ने सीमित संसाधनों के बीच सफलता का परचम लहराया है।साक्षी कुमारी ने इंटर विज्ञान संकाय में प्रखंड टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया। इससे साक्षी 2021 में मैट्रिक टॉपर होने का भी गौरव प्राप्त कर चुकी है। साक्षी आगे चलकर एमबीबीएस करना चाहती है। वही अति सुदूरवर्ती गांव डूमारो का रहने वाला पंकज राम चंदवा प्रखंड भर में दूसरा स्थान प्राप्त किया तो मासियातू का रहने वाला श्रीयांशु कुमार तीसरा स्थान प्राप्त किया। पंकज प्रशासनिक सेवा में जाना चाहता है तो श्रीयांशु कुमार इंजीनियर बनना चाहता है।

**साक्षी कुमारीः** साक्षी के पिता दिलेश्वर साहू पेशे से बस एजेंट है। साक्षी ने इंटर विज्ञान संकाय में 410 अंक (82%) हासिल किया। इनकी मां संगीता देवी ने बताया कि बेटी शुरू से ही पढ़ने में मेधावी रही है,हमने अपनी तरफ से कोई कमी भी नही की है। साक्षी को बायोलॉजी में 96 अंक आए हैं। साक्षी आगे चलकर एमबीबीएस डॉक्टर बनना चाहती है। साक्षी ने अपनी सफलता का श्रेय ट्यूशन टीचर दशरथ प्रजापति और उज्जवल कुमार को दी है। इसके साथ ही हाई स्कूल के ज्योति का भी अहम योगदान रहा है।


पिता के साथ साक्षी कुमारी

**पंकज राम :** चंदवा प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र डुमारो का रहने वाले वीरेंद्र राम और मीना देवी का पुत्र पंकज राम आईएससी में पूरे प्रखंड में दूसरा स्थान हासिल किया है। पंकज राम को कुल 396 (79.2%) अंक हासिल हुआ है। पंकज आगे चलकर प्रशासनिक सेवा में जाना चाहता है पंकज ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के अलावा मां सरस्वती कोचिंग सेंटर के संचालक शशीकांत मिश्रा को दिया है।

**श्रीयांशु कुमार :** मासियातु के रहने वाले संजय गुप्ता और रेणु गुप्ता के बेटे श्रीयांशु कुमार पूरे प्रखंड में आइएससी में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। श्रीयांशु कुमार ने बताया कि वो ऑनलाइन क्लास के माध्यम से तैयारियां की थी। श्रीयांशु कुमार आगे चलकर इंजीनियर बनना चाहता है।

## एक नजर में

### बालूमाथ की बेटी ने मैट्रिक की परीक्षा में किया जिला टॉपर


मिठाई खिलाते परिजन।

**बालूमाथ।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जारी मैट्रिक के रिजल्ट में बालूमाथ के चेटर, शेरेगड़ा गांव की रहने वाली छात्रा उषा रानी ने लातेहार जिला टॉपर होने का गौरव हासिल किया है। उषा रानी बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय की छात्रा है जिसने मैट्रिक की परीक्षा में 477 अंक 95 .4% अंक प्राप्त किया है। वही अपनी सफलता पर का श्रेय उषा रानी ने अपने गुरुजनों और माता पिता को दिया। उषा रानी के पिता जयनाथ रवि पेशे से पारा शिक्षक हैं। वही सफलता के बाद शिक्षक निर्मल सिन्हा ने छात्रा के घर जाकर उसे मिठाई खिलाकर सफलता की बधाई दी। साथ ही कहा कि बालूमाथ जैसे सुदूरवर्ती गांव से निकल कर उषा ने सफलता हासिल किया है। उन्होंने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना किया।

### मनिका प्रखंड के मॉडल स्कूल का शत प्रतिशत रहा रिजल्ट


सफल होने के बाद खुशी मुद्रा में छात्रायें।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित मॉडल स्कूल का जैक द्वारा जारी किए गए दसवीं कक्षा का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय में पढ़ने वाले 73% विद्यार्थियों को प्रथम श्रेणी से सफलता हासिल हुई है जबकि 87% नंबर पाकर अभिषेक कुमार यादव विद्यालय के टॉपर बने 1.अभिषेक कुमार यादव 437, 2.आशीष सिंह 406 और 3.हरिकेश उरांव 400 अंक प्राप्त कर विद्यालय के टॉप थ्री पर रहे और विद्यालय का मान बढ़ाया। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेंद्र नाथ मिश्र ने कहा कि विद्यालय के शिक्षक ज्ञानेंद्र कुमार मिश्र (गणित),रविंद्र कुमार उरांव (विज्ञान) और सुधा लकड़ा (सामाजिक विज्ञान) समेत सभी शिक्षकों के टीम भावना के साथ कार्य करते हैं। वर्तमान में यह विद्यालय झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में है। यह विद्यालय सीबीएसई से मान्यता प्राप्त है और यहां अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई होती है। यहां प्रतिदिन सभी विद्यार्थियों की विषय वार कॉपी जांच करने के साथ-साथ खेलकूद एवं गतिविधियों में शिक्षक बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

### बारियातू : दो दिवसीय चल रहे विजय मेला संपन्न


मौके पर मौजूद लोग।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बारियातु फुलसु रोड लैडमार्क मिडिल स्कूल के सामने सिंजेंटा कंपनी मे चल रहे 22 व 23 मई से किसान मेला मंगलवार को संपन हुई। मेला में किसानों को सिंजेंटा कम्पनी के 2 नंबर जमीन में लगने वाली किस्म एस 4003 उपज व किसानों को पैदावार से मिलने वाली आर्थिक लाभ के संबंध बताया गया। मेले मे उपस्थित किसानों को लक्की ड्रॉ के माध्यम से पुरुस्कार स्वरूप कंपनी की बैग व इनाम भी दिया गया। मेला में लगभग तेरह सौ किसान भाग लिए व 25 क्षेत्रीय विक्रेता ने भाग लिया। मेला में किसानों को निशुल्क मेहंदी, झुलवा व टेटू का सेवा दिया गया, प्रत्येक घंटा लक्की ड्रा भी किया गया। प्रति भागियो को पुरुष्कार भी वितरण किया गया। मेले मे किसानों को अंग वस्त्र से सम्मानित भी की गई। वहीं सिजेंटा कंपनी के उच्च अधिकारी स्वाती नेगी, चित्रा त्रिपाठी, फरमान त्यागी, गोरव सिंह, पंकज सिंह, प्रदुमन्न सिंह व इस टीम के अन्य अधिकारी सहित कई गन्य मान्य लोगों ने भाग लिया।

### भाजपा मंडल की बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा


महापुरुषों के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपाई।

**चंदवा।** चंदवा मंडल भाजपा कमेटी की बैठक मंगलवार को स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू ने किया। सर्व प्रथम महापुरुषों के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई गयी। अध्यक्षीय भाषण में महेंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि मंडल कार्यसमिति की बैठक बिलकुल ही कामकाजी बैठक होती है, बैठक में प्रदेश के द्वारा आगामी कार्यक्रम पर चर्चा किया गया। मंडल कमेटी के द्वारा महा-जन-सम्पर्क अभियान के लिए कार्य विभाजन कर दिया गया है।वरिष्ठ एवं समाजसेवी प्रभावशाली व्यक्ति का एक टोली बनाया बनाई गई तथा बूथ स्तर पर टोली बनाकर प्रभारी नियुक्त की गई। महिला टोली एवं संयुक्त मोर्चा की टोली भी बनायी गयी है जो पंचायत के अध्यक्ष, बूथ के अध्यक्ष, मोर्चा के अध्यक्ष महामंत्री एवं सभी पदाधिकारी मिलकर हर बूथ पर घर-घर जाकर मोदी सरकार के द्वारा महत्वाकांक्षी योजना को जानकारी देने का कार्य करेंगे तथा वर्तमान झारखंड की निक्कमी हेमंत सरकार की जनता के साथ किये झूठे वादे को जनता के सामने रखने कार्य करेंगे। लोकसभा से लेकर विधानसभा एवं मंडल स्तर पर कई कार्यक्रम होनी है, इसको सफल बनाने के लिये रणनीति तय किया गया। मंच का संचालन मंडल महामंत्री दीपक निषाद ने किया। मौके पर मंडल महामंत्री शिवकेश्वर यादव, हीरामणि देवी, कृष्णा कुमार, रिकी वर्मा, दुर्गा ठाकुर, सूर्यनारायण साहू, वीरेंद्र प्रसाद, सुनील मुंडा, आशीष लाल, रामकिशुन गंझु, शंकर मुंडा, मनोज पाठक, मुरारी लाल साहू, रवींद्र साहू, जमुना चौधरी, राजू भुईया, सकीन्दर भुइँया, राजेंद्र यादव, बंधन मिस्त्री समेत अन्य मौजूद थे।

## पिता ने दस माह के मासूम बच्ची का लिया जान पत्नी के साथ अवैध संबंध को लेकर हुई हत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** यह मानवता को शर्मशार करने वाली घटना महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ग्राम महुआटोली की है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार की देर रात दिलीप कुजूर शराब के नशे में घर आया और अपनी पत्नी को गाली गलौज करते हुए कहने लगा कि मुझे शक है कि तुम्हारा किसी दूसरे से अवैध संबंध है। ऐसी बातें कहते हुए वह अपनी पत्नी कुंती मुंडा से झगड़ा करने लगा। झगड़े के दौरान अचानक दिलीप कुजूर ने बगल में सो रही 10 माह की बच्ची रितिका कुजुर को उठाकर जमीन पर पटक दिया। जिससे बच्ची की मौके पर ही मौत हो गयी। जिसके बाद हल्ला गुल्ला सुनकर गांव के लोग जमा हुए तो देखा की दिलीप कुजूर के द्वारा अपनी ही 10 माह की बच्ची को बेरहमी से जमीन पर पटक कर मार डाला गया है। जिसके बाद ग्रामीणों ने दिलिप कुजूर को पकड़ लिया और इसकी सूचना महुआडांड़ थाना पुलिस पुलिस को दी गई। सुचना प्राप्त होते ही रात में ही महुआंडांड़ थाना से पुअनि संजय रतन और पुअनि जफर आलम घटनास्थल पर दल बल के साथ पहुंचे। जिसके बाद आरोपी दिलीप कुजूर को गिरफ्तार कर महुआडांड़ थाना लाया गया और पुछताछ के उपरांत लातेहार जेल भेज दिया गया है। वहीं बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया गया है।

**क्या है मामला**

जानकारी के अनुसार महुआटोली निवासी दिलीप कुजूर और कुंती मुंडा पिछले आठ साल से पति-पत्नी के रूप में साथ रह रहे थे। दोनों के दो बच्चे भी हुए। दूसरी बेटी का जन्म 10 माह पूर्व हुआ था। लेकिन यह बात दीलिप कुजूर को रास नहीं आई। दूसरी बेटी के जन्म के बाद से ही दिलीप कुजूर को शक हो गया था कि पत्नी कुंती मुंडा का संबंध किसी और से है। और दुसरी संतान भी किसी और का है। इस बात को लेकर पति पत्नी में हमेशा झगड़ा भी हुआ करता था। लेकिन क्या पता था झगड़ा इतना बढ़ जाएगा कि इसकी कीमत एक मासूम को जान देकर चुकानी पड़ेगी। इस संबंध में महुआंडाड़ थाना पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है और पुछताछ की जा रही है। पुछताछ के उपरांत उसे जेल भेजा जा रहा है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

### बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता परेशान

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों बिजली विभाग की लापरवाही के कारण बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता काफी परेशान है। पिछले 3 दिनों से बालूमाथ में 3 घंटा बिजली काटी जाती है और आधा घंटा से एक घंटा आपूर्ति की जा रही है। इस तरह देखा जाए तो 24 घंटे में बालूमाथ में लगभग 6-7 घंटे ही बिजली आपूर्ति की जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि इस उमस भरी गर्मी में जब बिजली आपूर्ति नहीं की जाएगी तो ऐसा बिजली रहने का औचित्य ही क्या है। बिजली विभाग की लापरवाही एवं बिजली की सुधार की मांग उपभोक्ताओं ने लातेहार उपायुक्त से की है। उपभोक्ताओं ने कहा कि अगर बिजली व्यवस्था एक-दो दिनों में सुधार नहीं होती है तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इस संबंध में बिजली विभाग के कर्मी रूपनारायण साहू ने कहा कि ऊपर से ही बिजली कम मिल रही हैं।

### डकैती के शिकार शमीम के परिजनों से मिलने लुकुईया पहुंचे प्रतुल शाहदेव


परिजनों से मुलाकात करते प्रतुल शाहदेव।

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को चंदवा थाना अंतर्गत लुकइया ग्राम में जाकर शमीम अंसारी और उसके परिजनों से मुलाकात की। ज्ञातव्य है कि 2 दिन पूर्व शमीम अंसारी के यहां भीषण डाका पड़ा था। करीब 7.50 लाख के नकद और गहने की दिनदहाड़े लूट हुई थी। प्रतुल ने कहा कि पिछले कुछ महीने से चंदवा थाना अंतर्गत क्षेत्र में अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है। इन्होंने मां उग्रतारा के महा दरबार में भी चोरी करने की हिमाकत की है। उस घटना का भी आज तक कोई उदभेदन नहीं हुआ। प्रतुल ने कहा अभी कुछ दिन पहले एक नाबालिग दलित से गैंगरेप हुआ। डायन बिसाही के नाम पर बुजुर्ग दम्पति की हत्या हो गयी। प्रतुल ने कहा चंदवा थाना क्षेत्र में उग्रवादी, लोहा चोर, कोयला चोर पहले से मौजूद थे। अब तो डकैतों ने भी अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। उन्होंने लातेहार के आरक्षी अधीक्षक से आग्रह किया की वे चंदवा थाना क्षेत्र में अपराधियों को पकड़ने के लिए स्पेशल ड्राइव चलाये। इस मौके पर उनके साथ भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष धानु खान, कृष्णा कुमार रामाशीष यादव आदि उपस्थित थे।

## बालूमाथ ट्रक ओनर एसोसिएशन की बैठक दस अक्टुबर को मनायेगा वार्षिकोत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बैठक में उपस्थित लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ स्तिथ होटल प्रतिक्षा में मंगलवार को ट्रक ऑनर एसोसिएशन एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार सिन्हा के अध्यक्षता में रखी गई। बैठक में बोलते हुए अध्यक्ष संजीव कुमार सिन्हा ने कहा की तेतरियाखांड कोलियरी में 60 प्रतिशत बसिया पंचायत के स्थानीय ट्रक और 40 प्रतिशत बाहरी ट्रकों का प्रवेश करने का प्रस्ताव पारित है। लेकिन बाहरी ट्रकों को महज 25 प्रतिशत ही प्रवेश मिल रहा है। वही कभी-कभी तो उससे भी कम ट्रकों का प्रवेश कराया जाता है। उन्होंने कहा अगर नगड़ा, बेलवाडीह, पिंडारकोम, तेतरियाखांड के लोग विस्थपित है। तो बालूमाथ के लोग भी प्रभावित है। बसिया पंचायत के लोगों को प्रभावित की परिभाषा को परिभाषित करना होगा। बालूमाथ के ट्रक मालिको की हिस्सेदारी तय करनी पड़ेगी। हम अपना हक लेकर रहेंगे। फिलहाल दो दिन तक बालूमाथ ऐशो. अपना लिस्ट नही जारी करेगा। इस दौरान हिस्सेदारी को लेकर प्रशासन के साथ बैठक की जाएगी और सारा वस्तुस्थिति से अवगत कराया जायेगा। इसके बावजूद अगर निष्कर्ष नहीं निकलता है तो ट्रक ऑनर एसोसिएशन कड़ा कदम उठाते हुए सड़क जाम करने को बाध्य हो जाएगी। वहीं जानकारी देते हुए अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने बताया कि बालूमाथ ट्रक ओनर एसोसिएशन के नियमो के विरुद्ध एवं संगठन विरोधी कार्य करने पर बालूमाथ निवासी राजू पासवान को ट्रक ओनर एसोसिएशन ने सर्वसम्मति से उनकी सदस्यता रद्द कर दी है और उनके ट्रकों को सूची से हटा दिया गया है। वहीं उन्होंने बताया की बालूमाथ ट्रक ओनर एसोसिएशन 23/10/2023 अपना वार्षिकोत्सव मनाएगा। मौके पर अरविंद यादव,जावेद अख्तर, मो. जुबेर, हाजी शब्बीर, कमलेश सिंह, नामेश्वर गुप्ता, सुनील पांडे, पंकज केसरी, अजीत कुमार, दीपू गुप्त, मो. शमद, राजेश यादव, राजू सिंह, रामनंदन सिंह, प्रिंस कुमार, पंकज सिन्हा, संजय रवि सहित कई ट्रक मालिक उपस्थित थे।

## शादी के 14 दिन बाद ही मायके आई नवविवाहिता युवक ने बंदूक की नोक पर किया अगवा, जांच में जुटी पुलिस

### घटना के बाद गांव में स्थिति तनावपूर्ण, छावनी में तब्दील हुआ गांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**


गांव में स्थिति तनावपूर्ण।

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के चकला ग्राम पंचायत में शादी के महज 14 दिन बाद ही मायके आई नवविवाहिता को प्रेमी के द्वारा बंदूक के नोक पर घर से अगवा कर लिए जाने का सनसनीखेज मामला आमने आया है। पूरी घटना सोमवार की सुबह लगभग 6 बजे की बताई जा रही है। परिजनों ने नवविवाहिता को अगवा करने का आरोप गांव ही अंकित शाही पिता आनन्द किशोर नाथ शाही पर लगाया है। अगवा युवती व आरोपी दोनों एक ही गांव के है व अलग-अलग संप्रदाय के हैं, जिस कारण घटना के बाद गांव में स्थिति तनावपूर्ण बन गई है। मौके की नजाकत को देखते हुए एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा खुद मोर्चा संभाल रखा है व उनके निर्देशन में प्रभारी थाना प्रभारी जमील अंसारी के नेतृत्व में गांव में एहतियातन भारी संख्या में सुरक्षा बल की तैनाती भी की गई है व गांव छावनी में तब्दील है। इधर नवविवाहिता को अगवा करने में सहयोग करने के शक में ग्रामीणों के द्वारा एक युवक संजय सिंह पिता हरिहर सिंह उर्फ भूलट सिंह (चकला) को जमकर पिटाई कर दिया है जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में चंदवा पुलिस उसे अपने कब्जे में लेकर चंदवा सीएचसी में प्राथमिक उपचार कराया फिलहाल पुलिस उसे अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुटी है। अभी भी आरोपी युवक व अगवा युवती पुलिस के पकड़ से बाहर है। इधर मामले को लेकर अगवा युवती के पिता हाफिज मो. याकूब ने चंदवा थाना में लिखित आवेदन दिया है। जिसमें उसने अंकित शाही व संजय सिंह पर बेटी को अगवा करने का आरोप लगाया है। कहा है कि उनकी अगवा हुई बेटी की शादी 10 मई को ही जाहिद खान पिता इदरीश खान (लाधुप चंदवा) के साथ हुई है। 22 मई की शाम दामाद उनकी बेटी को लेकर लाधुप जा रहा था, जिसे नगर के समीप बंदूक के बल रोक कर लड़की को ले जाने पर जान से मारने की धमकी दी थी। जिसके के बाद दमाद बेटी को मायके छोड़कर वापस चला गया। मंगलवार की सुबह 6 बजे अंकित शाही व संजय सिंह घर आ धमके व जबरन उनकी बेटी को बंदूक के बल पर उठा ले गए। इधर चंदवा पुलिस मिले आवेदन के आधार पर अगवा युवती के सकुशल बरामदगी व आरोपी के गिरफ्तारी को लेकर अभियान तेज कर दिया है।

## पेज 3 का शेष

### पटना सिटी की इशिता...

बिहार की बेटी है टापर इशिता : यूपीएससी टॉपर इशिता किशोर मूल रूप से बिहार की बेटी हैं। दादा और नाना की तरफ से भी। ग्रेटर नोएडा के जलवायु विहार में यह परिवार रहता है, लेकिन इशिता मूल रूप से पटना सिटी की रहने वाली हैं। पटना सिटी, मतलब पटना साहिब। और, ननिहाल मूल रूप से सासाराम है। नाना पटना में न केवल रहे, बल्कि एक जमाने में शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी भी थे। इशिता का ननिहाल परिवार लंबे समय तक झारखंड के गुमला में भी रहा। पिता एयरफोर्स में विंग कमांडर थे, इसलिए एयरफोर्स बाल भारती स्कूल से पूरी स्कूली शिक्षा हासिल की है। पिता अब इस दुनिया में नहीं रहे। इशिता जब छोटी थीं, तभी पिता का साया सिर से उठ गया। मां ने इशिता को पढ़ा-लिखाकर इस मुकाम तक पहुंचाया। इशिता की मां ज्योति किशोर ने बताया, 'मैं बहुत खुश हूं। बेटी इशिता की बहुत अच्छी तैयारी रही है और वो हमेशा इसके प्रति फोकस्ड भी रही है। **टॉप 20 की सूची :** 1. इशिता किशोर, 2. गरिमा लोहिया, 3. उमा हरति एन, 4. स्मृति मिश्रा, 5. मयूर हजारिका, 6. गहना नव्या जेम्स, 7. वसीम अहमद भट, 8. अनिरुद्ध यादव, 9. कनिका गोयल, 10. राहुल श्रीवास्तव, 11 परसंजीत कौर, 12. अभिनव सिवाच, 13. विदुषी सिंह, 14. कृतिका गोयल, 15. स्वाति शर्मा, 16. शिशिर कुमार सिंह, 17. अविनाश कुमार, 18. सिद्धार्थ शुक्ला, 19. लघिमा तिवारी, 20. अनुष्का शर्मा।

### विदेशी हथियार कनेक्शन

एनआइए ने बिहार के पूर्णिया जिले की केस के अनुसंधान के क्रम में बिहार के आरा कोर्ट में आत्मसमर्पण करने वाले हथियार सप्लायर संतोष सिंह को रिमांड पर लेकर जब पूछताछ की थी तो इस बात का खुलासा हुआ था। संतोष ने हथियार के मामले में रांची के अरगोड़ा में गिरफ्तार मुकेश सिंह और लातेहार जिले के नेतरहाट से गिरफ्तार त्रिपुरारी सिंह के बारे में भी जानकारी दी थी। उसने बताया था कि हथियार सप्लाई के इस धंधे में तीनों ही आरोपितों ने अन्य सहयोगियों की मदद से 50 से अधिक एके-47 रायफल झारखंड के नक्सलियों-उग्रवादियों को सप्लाई की थी। अब एनआइए यह भी पता लगा रही है कि उग्रवादियों तक अमेरिकन स्प्रिंगफील्ड राइफल कैसे पहुंची थी। **पहले भी हो चुका है हथियार बरामद :** झारखंड के अन्य हिस्सो में भी पहले विदेशी हथियार की बरामदगी हो चुकी है। चतरा में माओवादी अजय यादव के पास से मेड इन इंग्लैंड स्प्रिंग राइफल मिले थे। इसके अलावा रांची में पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप के लिए लाया गया अमेरिकी ग्रेनेड लांचर भी बरामद हुआ था। तब बताया गया था कि इस हथियार का पाकिस्तान व म्यांमार की सेना इस्तेमाल करती रही है। पूर्व में सिमडेगा में पाकिस्तानी कारतूस व हजारीबाग में अमेरिकी रायफल की बरामदगी हो चुकी है। **पुलिस को मिला था सर्च अभियान के दौरान विदेशी हथियार :** एक एके-56 राइफल, दो पुलिस से लूटी हुई प्वाइंट 303 रायफल, दो प्वाइंट 30 अमेरिकन स्प्रिंग फील्ड रायफल, दो प्वाइंट 315 देसी राइफल, एक 7.65 देसी रायफल, अमेरिकन स्प्रिंगफील्ड राइफल के 162 कारतूस, थ्री नॉट थ्री के 10 कारतूस, .315 बोर के 06 कारतूस, 7.65 बोर के 63 कारतूस, 7.62 बोर के 101 कारतूस, अन्य कारतूस 63, छह वाकी-टाकी, चार वाकी-टाकी चार्जर व 14 मोबाइल।

### टाटा स्टील की अस्मिता...

इस साल 3 अप्रैल को अपनी यात्रा शुरू करने वाली अस्मिता खुंबू क्षेत्र से 8 दिन की ट्रैकिंग के बाद 14 अप्रैल को एवरेस्ट बेस कैंप पहुंचीं। 18 मई को अस्मिता ने अपना अंतिम शिखर अभियान शुरू किया। खतरनाक खुंबू हिमपात को पार करते हुए वह 19 मई को कैंप 2 पर पहुंची। उन्होंने 22 मई को रात 10 बजे अपनी अंतिम शिखर यात्रा शुरू की और 23 मई को सुबह 8:20 बजे शिखर पर सफलतापूर्वक पहुंची। वह इस समय बेस कैंप की तरफ उतर रही है। अस्मिता के साथ उनके शेरपा गाइड लक्फा नूरू भी थे, जो नेपाल के एक बहुत ही अनुभवी शेरपा गाइड हैं। **पिछले वर्ष बिना ऑक्सीजन के एवरेस्ट से 100 मीटर नीचे रह गयी थीं :** एक साल पहले 13 मई, 2022 को, अस्मिता ने सप्लिमेंट्री ऑक्सीजन के बिना दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत पर चढ़ने का प्रयास किया था, जो अनुभवी पर्वतारोहियों के बीच भी एक दुर्लभ उपलब्धि थी। उन्होंने 30 सितंबर, 2022 को बिना सप्लिमेंट्री ऑक्सीजन के माउंट मानसलू (8163 मीटर) पर भी चढ़ाई की और ऐसा करने वाली वह दूसरी भारतीय महिला बनीं। **बछेंद्री को एवरेस्ट विजेता बनाने वाले दिवंगत शेरपा की बेटी है अस्मिता :** एवरेस्ट क्षेत्र में नामचे बाजार के ऊपर स्थित एक छोटे से गांव थेसू में एक शेरपा परिवार में जन्मी अस्मिता दोरजी ने माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया था क्योंकि उन्होंने 1984 में अपने पिता अंग दोरजी को पर्वत की चढ़ाई के दौरान खो दिया था, जो 1984 की चढ़ाई के दौरान बछेंद्री पाल के शेरपा भी थे। माउंट एवरेस्ट शिखर को छूने वाली पहली भारतीय महिला के एक वार्ड और छात्रा के रूप में, अस्मिता ने 2001 में अपना बुनियादी पर्वतारोहण पाठ्यक्रम और बाद में 2003 में उन्नत पर्वतारोहण पाठ्यक्रम पूरा किया। तब से, वह ळरअऋ में एक प्रशिक्षक के रूप में काम कर रही हैं, आउटडोर लीडरशिप पाठ्यक्रम और अभियान का संचालन कर रहीं हैं। **पर्वतारोहण में अस्मिता दोरजी की अन्य उपलब्धियां :** अस्मिता 6,000 मीटर से अधिक ऊँची 8 चोटियों पर चढ़ाई कर चुकी हैं। उन्होंने माउंट सतोपंथ (7,075 मीटर), माउंट धर्मसूरा (6,420 मीटर), माउंट गंगोत्री 1 (6,120 मीटर), माउंट स्टोक कांगड़ी (6,070 मीटर), माउंट कांग यात्से 2 (6,270 मीटर), माउंट कांग यात्से 2 (6,270 मीटर), माउंट जो जोंगो (6,240 मी) पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की है। उन्होंने सर्दियों में माउंट यूटी कांगड़ी (6,030 मीटर) पर चढ़ाई की और सर्दियों में माउंट स्टोक कांगड़ी पर चढ़ाई का प्रयास किया और 5,700 मीटर तक पहुंच गयी।

स्पीड न्यूज

## कर्नाटक में बारिश से 52 लोगों की मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को कहा कि राज्य में मानसून-पूर्व बारिश के कारण अब तक 52 लोगों की मौत हो चुकी है और इसके साथ ही संपत्ति को भी नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री ने नुकसान को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल राहत मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर अधिकारियों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।उन्होंने कहा, ह्न52 मृतकों के परिवारों को पहले ही पांच लाख रुपये दिए जा चुके हैं इसके साथ ही, मवेशियों के नुकसान पर राहत देने और घरों को हुए नुकसान का आकलन करने और तत्काल राहत मुहैया कराने का निर्णय लिया गया है।

## अतीक के अधिवक्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के वकील विजय मिश्रा के खिलाफ तीन करोड़ रुपये रंगदारी मांगने के आरोप में अतरसुइया थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। अतरसुइया थाने के प्रभारी योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि दरियाबाद निवासी सईद अहमद ने 20 मई को अतीक अहमद के वकील विजय मिश्रा के खिलाफ तीन करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में मामला दर्ज कराया है।

## बंगाल में भारी मात्रा में पटाखे जब्त

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के ग्रामीण इलाकों में पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने पटाखों के अवैध निर्माण कारखाने चलाने के आरोप में कई लोगों को गिरफ्तार भी किया है।

## राजा भैया के तलाक मामले की सुनवाई टली

नयी दिल्ली। दिल्ली के साकेत कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के कुंडा विधानसभा क्षेत्र के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के तलाक के मामले पर सुनवाई टाल दी है। राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह ने मंगलवार जवाब दाखिल नहीं किया। कोर्ट ने भानवी सिंह को 25 जुलाई तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। राजा भैया ने अपनी पत्नी भानवी कुमारी से तलाक की अर्जी दायर की है। याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने 10 अप्रैल को भानवी सिंह को नोटिस जारी किया था।

## पाक : आतंकी हमले में छह जवानों की मौत

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक निजी तेल एवं गैस संयंत्र पर आतंकवादियों के एक समूह ने हमला किया जिसमें कम से कम छह सुरक्षाकर्मी मारे गए। जिला पुलिस अधिकारी आसिफ बहादुर बताया कि भारी हथियारों से लैस दो दर्जन से अधिक आतंकवादियों ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे हंगू जिले के मंजी खेल इलाके में मंगलवार को प्लांट पर हमला किया, जिसमें फ्रंटियर कांस्टेबुलरी के चार सदस्यों और दो निजी सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई।

# लगातार दूसरे साल भी आधी आबादी का डंका

## यूपीएससी में शीर्ष 25 उम्मीदवारों में 14 महिलाएं और 11 पुरूष

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा मंगलवार को घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2022 के परिणामों में इशिता किशोर ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। परीक्षा के घोषित परिणामों के अनुसार, गरिमा लोहिया और उमा हरति एन ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

यूपीएससी ने कहा है कि 933 अभ्यर्थियों ने सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की है, जिसमें 613 पुरूष और 320 महिलाएं हैं। यूपीएससी ने बताया कि शीर्ष 25 उम्मीदवारों में 14 महिलाएं और 11 पुरूष हैं। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा मंगलवार को घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2022 के परिणामें में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) से स्नातक इशिता किशोर ने पहला स्थान प्राप्त किया है। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब महिला उम्मीदवारों ने प्रतिष्ठित परीक्षा में शीर्ष तीन रैंक हासिल की हैं। सिविल सेवा परीक्षा 2021 में श्रुति शर्मा, अंकिता अग्रवाल और गामिनी सिंगला ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया था। वायु सेना अधिकारी की पुत्री इशिता किशोर (26) ने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा में प्रथम स्थान मिलना उनके लिए सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी बनने के बाद वह महिला सशक्तीकरण की दिशा में काम करेंगी। उन्होंने कहा कि मैं पहला स्थान पाकर बहुत खुश हूं। यह मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है। किशोर ने अपने तीसरे प्रयास में यह कामयाबी हासिल की। उन्होंने लगातार प्रोत्साहित करने के लिए अपने परिवार के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि मैं अपने परिवार की बहुत आभारी हूं, जब मैं पहले दो प्रयासों में सिविल सेवा परीक्षा पास नहीं कर पाई तो मेरे साथ खड़े रहे। उन्होंने मुझे बहुत प्रोत्साहित किया।



### इशिता बोलीं- यह सपना के सच होने के समान

वायु सेना अधिकारी की पुत्री इशिता किशोर (26) ने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा में प्रथम स्थान मिलना उनके लिए सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी बनने के बाद वह महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम करेंगी। उन्होंने कहा कि मैं पहला स्थान पाकर बहुत खुश हूं। यह मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है। किशोर ने अपने तीसरे प्रयास में यह कामयाबी हासिल की। उन्होंने लगातार प्रोत्साहित करने के लिए अपने परिवार के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा, ह्यमैं अपने परिवार की बहुत आभारी हूं, जब मैं पहले दो प्रयासों में सिविल सेवा परीक्षा पास नहीं कर पाई तो मेरे साथ खड़े रहे। उन्होंने मुझे बहुत प्रोत्साहित किया। दो भाई-बहनों में सबसे छोटी किशोर ने कहा कि वह परीक्षा की तैयारी के लिए प्रति दिन कम से कम आठ-नौ घंटे पढ़ाई करती थी।

### मां का सपना हुआ पूरा : गरिमा



यूपीएससी में बिहार के बक्सर की गरिमा लोहिया ने दूसरी रैंक हासिल किया है। उन्होंने बक्सर से ही प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण कर दिल्ली से ग्रेजुएशन किया। गरिमा से पूछा गया कि उन्होंने देश की सबसे बड़ी परीक्षा में इतनी बड़ी कामयाबी कैसे पाई तो उन्होंने बताया कि बिना किसी कोचिंग संस्थान में दाखिला लिए सोशल साइट्स के सहारे तैयारी की। कोरोना काल से ही घर में रहकर तैयारी शुरू की। इंटरनेट के जरिए ऑनलाइन पढ़ाई की और यूपीएससी को क्रेक कर लिया। गरिमा ने बताया कि उनकी मां का सपना था कि मैं आईएएस बनूं। मैने मां के सपने को सच कर दिखाया। मैं जब पढ़ती थी तो मेरी मां भी मेरे साथ जगी रहती थी। पिता के देहान्त के बाद परिवार की हालत डवांडोल हो गई थी. बेटी पर ही घर की जिम्मेदारियों का बोझ आ गया था। बावजूद इसके गरिमा ने हार नहीं मानी. लक्ष्य निर्धारित था उसी के अनुसार पढ़ाई की और सफलता हासिल की। गरिमा चाहती हैं कि बिहार में उन्हें पोस्टिंग मिले. इस दौरान वह छोटे शहर में रहकर वहां के लोगों की सेवा करना चाहती हूं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सेवा परीक्षा 2022 में सफल हुए अभ्यर्थियों को मंगलवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

आईआईटी, हैदराबाद से सिविल इंजीनियरिंग में बी.टेक करने वालीं हरति एन. तीसरे स्थान पर रहीं जिन्होंने वैकल्पिक विषय के रूप में एंथ्रोपोलॉजी रखा था। डीयू के मिरांडा हाउस कॉलेज से स्नातक (बी.एससी.) मिश्रा चौथे स्थान पर रहीं जिनका वैकल्पिक विषय प्राणी विज्ञान था। सिविल सेवा परीक्षा में छठा स्थान हासिल करने वाल केरल की गहना नव्या जेम्स ने मंगलवार को कहा कि लोकसेवक बनना उनका बचपन का सपना और लक्ष्य था लेकिन उन्होंने शीर्ष रैंक की कल्पना नहीं की थी। जेम्स एक पीएचडी छात्रा हैं और इस अप्रत्याशित उपलब्धि पर जेम्स ने अपनी प्रसन्नता छिपाए बिना कहा कि उन्होंने इस प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए कभी कोई कोंचिंग नहीं ली। दक्षिणी राज्य के पाला जिले की निवासी जेम्स सेवानिवृत्त कॉलेज प्रोफेसर सी.के. जेम्स थॉमस बी बेटी हैं। वह आईएफएस अधिकारी सिबी जॉर्ज की भतीजी भी हैं जो जापान में भारत के राजदूत हैं।जेम्स ने कहा कि उनके चाचा उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा हैं और स्नातक का छात्र उनका छोटा भाई उनके लिए मार्गदर्शक रहा।

### अनंतनाग निवासी वसीम अहमद भट के बेटा को सांतवां स्थान

प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा में सातवां स्थान हासिल करने वाले जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में डूरू निवासी वसीम अहमद भट ने पिछले साल इस परीक्षा में 225वां रैंक हासिल किया था। अपने बेटे की इस उपलब्धि से उत्साहित भट के पिता मोहम्मद यूसुफ भट ने कहा कि मेरे बेटे ने पिछले वर्ष भी परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

इससे पहले उसने 225वां रैंक प्राप्त किया था और अब उसने सातवां स्थान हासिल किया है। मुझे खुशी है। यह अनंतनाग सहित कश्मीर के लिए खुशखबरी और प्रेरणादायक है। हम सभी ईश्वर के आभारी हैं।

## आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अल्बनीज ने मोदी को बताया बॉस, कहा
# जहां भी जाते हैं रॉकस्टार जैसा होता है स्वागत

**एजेंसी**

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने मंगलवार को कहा कि उनके भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी जहां भी जाते हैं उनका रॉकस्टार जैसा स्वागत होता है। अल्बनीज ने यहां एक कार्यक्रम में अपने प्रिय मित्र मोदी का स्वागत किया और उनकी तुलना अमेरिकी गायक ब्रूस स्प्रिंगस्टीन से की।

शहर के सबसे बड़े इंडोर स्टेडियम में से एक कुडोस बैंक एरिना में 21,000 लोगों की भीड़ के सामने मोदी का स्वागत करते हुए अल्बनीज ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बेहतर सहयोग की हिमायत की। मोदी जब दर्शकों को संबोधित करने के लिए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, तो अल्बनीज ने कहा कि मोदी जहां भी जाते हैं, उनका रॉकस्टार की तरह स्वागत होता है।

अल्बनीज ने कार्यक्रम में कहा कि आखिरी बार मैंने इस मंच पर ब्रूस स्प्रिंगस्टीन को देखा था और उन्हें भी वह स्वागत नहीं मिला जो प्रधानमंत्री मोदी को मिला है। प्रधानमंत्री मोदी बॉस हैं। अल्बनीज ने अपने प्रिय मित्र मोदी को ऑस्ट्रेलिया में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की भावना लाने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंनेहमारे लोकतंत्र को मजबूत और अधिक समावेशी बनाने में मदद की।




## ब्रिस्बेन में भारत का नया कॉन्सुलेट खुलेगा

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया की यात्रा पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यहां घोषणा की कि ब्रिस्बेन शहर में भारत नया कॉन्सुलेट (वाणिज्य दूतावास) खोलेगा। श्री मोदी ने कहा कि इससे ब्रिस्बेन में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों की लंबे समय से चल रही मांग पूरी होगी। श्री मोदी ने सिडनी ओलंपिक पार्क में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए ब्रिस्बेन में रहने वाले हमारे भारतीय समुदाय के लिए यह विशेष घोषणा की। प्रधानमंत्री ने कहा, ह्यह्यमैं घोषणा करता हूं कि ब्रिस्बेन में जो बहुत लंबे समय से आपकी मांग थी, उसे अब जल्द ही पूरा किया जाएगा...ब्रिस्बेन में भारत का नया कॉन्सुलेट खोला जाएगा।

# राहुल गांधी ने सुनी ट्रक ड्राइवरों के मन की बात

**कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दिल्ली से चंडीगढ़ तक का सफर किया**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इन दिनों छात्रों, छोटे व्यापारियों आदि से मुलाकात कर उनसे संवाद कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने सोमवार देर रात ट्रक ड्राइवरों की समस्याओं को समझने के लिए ट्रक की सवारी की और उनसे संवाद किया। कांग्रेस ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि राहुल गांधी ने ट्रक ड्राइवर्स की समस्या जानने उनके बीच पहुंचे। इसके लिए राहुल उनके साथ दिल्ली से चंडीगढ़ तक का सफर किया। कांग्रेस ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत की सड़कों पर करीब 90 लाख ट्रक ड्राइवर्स हैं। इनकी अपनी समस्याएं हैं। राहुल ने हिमाचल प्रदेश जाने के क्रम में ट्रक ड्राइवरों की समस्याओं को जानने व समझने के लिए ट्रक की सवारी की और उनसे संवाद किया।



# जी-20 की बैठक में भारत ने पाकिस्तान को जमकर लताड़ा

**जम्मू-कश्मीर हमारी जमीन है यहां के लोगों की भलाई के लिए कर रहे हैं काम : किशन रेड्डी**

**श्रीनगर।** भारत ने जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में जी-20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप के आयोजन पर देश के आंतरिक मामलों में अवांछित संलिप्तता को लेकर मंगलवार को पाकिस्तान को जमकर लताड़ा। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने तृतीय जी-20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप के मौके पर संवाददाताओं से कहा कि पाकिस्तान कौन है। जम्मू-कश्मीर हमारी जमीन है और हम यहां जो कुछ भी कर रहे हैं , अपनी जमीन पर और लोगों की भलाई के लिए कर रहे हैं। भारत में पाकिस्तान के उच्चायुक्त ने श्रीनगर में चल रही जी-20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप की बैठक को लक्षित करते हुए यूट्यूब पर बयान जारी किया है। मंत्री ने सवाल किया पाकिस्तान कौन हैं और वे भारत के आंतरिक मामलों में शामिल होने की बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पिछले 75 वर्षों से जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा है और इसके लिए हजारों लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने कहा कि मैं पाकिस्तान से आग्रह करता हूं कि वह अपने यहां ध्यान दें और अपने लोगों के लिए सर्वश्रेष्ठ काम करें। उन्हें रोजगार और भोजन मुहैया कराएं, जो आप उन्हें मुहैया कराने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने जोर दिया कि पाकिस्तान भारत में उंगलियां क्यों उठा रहे हैं। उन्हें भारत के खिलाफ कुछ भी कहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपने भीतर की समस्याओं से जूझ रहा है और वहां लोग खाने और रोजगार के लिए मर रहे हैं। उनके पास न चावल है और न गैस। उन्हें चाहिए कि वे अपनी समस्याओं पर ध्यान क्यों नहीं दें। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग खुश हैं और हम उनके लिए सब कुछ कर रहे हैं। यहां के लोगों को जो कुछ भी चाहिए, वह हमारी सरकार का कर्तव्य है कि वह उन्हें सब कुछ प्रदान करे और पाकिस्तान जो कह रहा है, उसे कोई महत्व देने की आवश्यकता नहीं है।

## आइएनएस ने मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने अपने अग्रिम निर्देशित मिसाइल विध्वंसक पोत आईएनएस मोरमुगाओ से मध्यम दूरी की सतह से हवा में प्रहार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पोत ने समुद्र में तैरने वाले (सी स्कीमिंग) एक सुपरसोनिक लक्ष्य को भी सफलतापूर्वक भेद दिया। सी स्कीमिंग तकनीक का इस्तेमाल अनेक पोत रोधी मिसाइल और कुछ लड़ाकू विमान रडार की पहुंच में आने से बचने के लिए करते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक पोत आईएनएस मोरमुगाओ ने सफलतापूर्वक समुद्र में तैर रहे सुपरसोनिक लक्ष्य को भेद दिया। उन्होंने कहा कि आईएनएस द्वारा पहला सफल एमआरएसएएम प्रक्षेपण लक्ष्य पर सटीक तरीके से आयुध पहुंचाने के नौसेना के प्रयास में एक और मील का पत्थर है और नौसेना की भविष्य में आत्मनिर्भर भारत के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

# अक्षय कुमार ने केदारनाथ में किया पूजा

**रुद्रप्रयाग।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने मंगलवार को केदारनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि कुमार अपने पारिवारिक मित्र सुमित अदालका के साथ हेलीकॉप्टर से सुबह केदारनाथ पहुंचे और उन्होंने एक आम श्रद्धालु की तरह भगवान केदारनाथ के दर्शन किए।

फिल्म अभिनेता हैलीपेड से बिना जूते पहने नंगे पांव चलकर मंदिर तक पहुंचे जहां उन्होंने भोले बाबा के दर्शन के किए और पूजा में सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर मंदिर समिति की ओर से सिंह ने उन्हें बाबा केदारनाथ का प्रसाद, भस्म तथा रूद्राक्ष माला भेंट की। दर्शन के बाद अभिनेता ने कहा कि केदारनाथ धाम में भगवान शिव के दर्शन करके वह बहुत अभिभूत हैं। उन्होंने मंदिर परिसर में मौजूद तीर्थयात्रियों का अभिवादन भी किया।



## जैकलीन को विदेश जाने की अनुमति

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने धनशोधन के एक मामले में आरोपी बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को 25 मई से 12 जून तक विदेश यात्रा करने की मंगलवार को अनुमति दे दी। इस मामले में कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर भी आरोपी है। विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने जैकलीन द्वारा दायर याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें कहा गया था कि उन्हें आईफा पुरस्कारों में भाग लेने के लिए 25 मई से 27 मई तक अबू धाबी की यात्रा करने की जरूरत है। अदालत ने उन्हें 28 मई से 12 जून तक मिलान (इटली) की यात्रा करने की भी अनुमति दे दी।



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

झारखण्ड राज्य के वन अधिकांशतः उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती साल तथा मिश्रित प्रजाति के हैं एवं जैव विविधता की दृष्टि से अत्यन्त समृद्ध हैं। वनों के आस–पास रहने वाले राज्यवासियों की जीविका मुख्यतः वनों पर निर्भर है। वनों के शुष्क एवं पर्णपाती होने के कारण गर्मी के मौसम में फरवरी से जून माह तक वन अग्नि की घटनाएं होती हैं तथा अधिकांश वन अग्नि की घटनाएं मानव जनित कारणों से होती हैं यथा, महुआ एवं साल बीज एकत्र करने वाले लोगों द्वारा अक्सर वृक्षों के नीचे साफ–सफाई के लिए जमा सूखे पत्तों को जलाने के क्रम में आग आस–पास के क्षेत्रों में फैलकर भीषण वन अग्नि का रूप धारण कर लेती है तथा वन सम्पदा को नुकसान पहुँचाती है। वन अग्नि की घटनाएं जैव विविधता तथा वन वासियों के वन आधारित जीविकोपार्जन को भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित करती हैं।

राज्य के वन विभाग द्वारा वन अग्नि से वन तथा जन पर होने वाले दुष्परिणामों को देखते हुए व्यापक रणनीति के तहत वन अग्नि से होने वाले नुकसान के बारे में व्यापक जागरूकता अभियान वन अग्नि मौसम में चलाया जाता है एवं जन सहयोग से वन अग्नि प्रबंधन का कार्य किया जाता है। वनों में वन अग्नि की रोकथाम एवं प्रबंधन में स्थानीय समुदाय की सक्रिय रूप से जन–सहभागिता नितान्त आवश्यक है।

मेरी सभी राज्य वासियों, विशेषकर वनों के समीप रहने वाले स्थानीय समुदायों के ग्रामीण भाई–बहनों से अपील है कि वनों की वन अग्नि से सुरक्षा में अपना सक्रिय सहयोग देकर राज्य के प्राकृतिक वन संसाधनों एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

जोहार !

PRNO 298100 (Forest, Environment and Climate Changes) IPRD 23-24

स्पीड न्यूज

## आईपीएस में धनबाद के कुमार रजत को मिला 423वां रैंक



**धनबाद।** कुमार रजत पिता रमेश ठाकुर ग्राम पोस्ट कतरास बाजार जिला धनबाद नियर एलआईसी ऑफिस ने सिविल सर्विस मैन एग्जाम में सफलता प्राप्तकर पूरे धनबाद जिला का नाम रोशन किया है। रजत के इस सफलता से पूरे कतरास में हर्ष का माहौल है। सिविल सर्विसेज मैन एग्जाम में रजत को 423 रैंक प्राप्त हुआ है। कुमार रजत ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा डीएवी स्कूल कतरास से प्राप्त किया है, जिसके बाद उन्होंने आगे की पढ़ाई राजकमल सरस्वती मंदिर धनबाद से की। जिसके बाद एनआईटी जमशेदपुर से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद बीएसएल में सर्विस करने के दौरान ही इन्होंने आईपीएस की तैयारी की और अपने प्रथम प्रयास में आईपीएस के एग्जाम को पास किया। कुमार रजत ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है।

## उवि रांगामाटी के 10वीं का रिजल्ट 99 प्रतिशत

**सिंदरी।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल बोर्ड के 10 वीं व 12 वीं विज्ञान का परिणाम मंगलवार को घोषित हुआ। इसमें एसपीएम इंटर कॉलेज सिन्दरी में टॉप तीन में मनिसा कुमारी 89 प्रतिशत, आयुष राज 85 .6 प्रतिशत व विकास कुमार ने 85 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं मजदूर उच्च विद्यालय के दसवीं कक्षा में 93 प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण हुए। इनमें जीत कुंडू 88 .8 प्रतिशत, पायल कुमारी 88 प्रतिशत, स्वीटी कुमारी ने 87 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उत्क्रमित उच्च विद्यालय राँगामाटी के दसवीं कक्षा के 99 प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण हुए।

## राजेन्द्र बालिका उच्च विद्यालय, कतरास का रिजल्ट 99 प्रतिशत

**कतरास।** राजेन्द्र बालिका उच्च विद्यालय कतरास बाजार की छात्राओं ने 99 प्रतिशत रिजल्ट किया। 81 प्रतिशत छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में उतीर्ण हुई है। वहीं 94 .00 प्रतिशत लाकर आस्था संघी विद्यालय की टॉपर बनी। कुछ अंको से पीछे 93 प्रतिशत से काजल प्रमाणिक द्वितीय स्थान एवम खुशी कुमारी 92 .80 प्रतिशत लाकर विद्यालय में तीसरे स्थान पर रही। कुल 187 छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुई जिसमें 150 छात्राएं प्रथम श्रेणी में, 34 छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उतीर्ण हुई।

## डे ऑफ बायोलॉजिकल डायवर्सिटी पर सामूहिक पौधरोपण किया गया

**झरिया।** झरिया डिवीजन में कालीमेला ओपनकास्ट लोकेशन पर सामूहिक वृक्षारोपण अभियान के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया गया। जैविक विविधता के महत्व को दोहराने के लिए देशी प्रजातियों से संबंधित विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए थे। बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों और सहायक कर्मचारियों के साथ समुदाय के लगभग 45 बच्चों ने इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। मौके पर राज अंकुर, हेड प्लानिंग, सुजीत कुमार झा, सीनियर मैनेजर, सिक्योरिटी, प्रदीप गौर, सीनियर मैनेजर, इन्वायरनमेंट, राणा भीम प्रताप सिंह, सीनियर मैनेजर, टाउन मेंटेनेंस, रवि कुमार झा मौजूद थे।

## कसमार व झरमुंगा के रैयतों को मिला मुआवजे का नोटिस

**बोकारो/कसमार।** बरलंगा नेमरा भाया कसमार तक सड़क चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहित भूमि के एवज में कसमार प्रखंड अंतर्गत पंचायत सचिवालय के सभागार में कसमार मौजा के 19 रैयतों व झरमुंगा मौजा के 4 रैयतों के बीच मुआवजा नोटिस दिया गया है।

# जनता की समस्याओं का जल्द करें समाधान: उपायुक्त

**जनता दरबार**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री संदीप सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा। जनता दरबार में गोविंदपुर प्रखंड के अंतर्गत बिलासपुर पंचायत के मंजिलाडीह के ग्रामीणों ने 15 वित्त आयोग से 30,000 की लागत से बन रहे घाट में अनियमितता कर दिए और बिचौलिए द्वारा पैसा गबन करने के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि बिना ग्रामसभा किए पूर्व खोले गए खाता में भुगतान कर बिना बॉक्स कटिंग और बिना ढलाई किए सीढ़ीनुमा जुड़ाई, प्लास्टर कर घोला पेनिंग कर फाइनल कर दिया गया है। साथ ही उन्होंने बताया की तलाब में विधायक मद से भी एक घाट पास हुआ है और वहां से भी भुगतान लिया गया है। घाट में किसी मद का बोर्ड भी नहीं लगा हुआ है। उन्होंने आशंका जताई है कि बिचौलीया और जेई के मिलीभगत से एक घाट में दो मद से भुगतान लिया गया है। उपायुक्त ने इस मामले को उप विकास आयुक्त को हस्तांतरित करते हुए बीडीओ से जांच प्रतिवेदन प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई करने को निर्देशित किया।

### इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार

सरायढेला थाना क्षेत्र से आई रानी देवी ने अपने इलाज हेतु आर्थिक सहायता को लेकर उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि पिछले 5 वर्षों से एक गंभीर बीमारी से पीड़ित है जिस कारण उनका पेनक्रियाज 80 प्रतिशत डैमेज हो चुका है। जिसके इलाज में लाखों रुपए अब तक लग चुके हैं। अब आगे की इलाज हेतु वह आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है। उपायुक्त ने इस आवेदन को सिविल सर्जन को हस्तांतरित करते हुए मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत आर्थिक मदद हेतु निर्देशित किया।

### एक महीने से जलमीनार है खराब

गोविंदपुर प्रखंड के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र से आए शंकर प्रसाद शर्मा ने जल मीनार खराब होने के संबंध में उपायुक्त को आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 में एक जल मीनार का निर्माण हुआ जो करीबन 6 महीना ठीक-ठाक चला। उक्त जल मीनार 3,70,000 का स्कीम था और आज करीबन 1 महीना से बंद पड़ा है। इसकी सूचना कई बार प्रखंड विकास पदाधिकारी गोविंदपुर तथा पंचायत के मुखिया को दिया गया लेकिन आज तक बंद पड़े इस जल मीनार को किसी भी अधिकारी पदाधिकारी द्वारा देखा नहीं गया। उपायुक्त ने इस मामले को गोविंदपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन हेतु अग्रसारित किया।

### पेंशन, राशन कार्ड की उठाई समस्याएं

उपायुक्त शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा, पारिवारिक विवाद, सरकारी योजनाओं में अनियमितता से संबंधित समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## बहादुरपुर में बाल विवाह, तस्करी और शोषण के खिलाफ कायशाला




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** बाल विवाहए बाल तस्करी एवं बाल यौन शोषण के खिलाफ अभियान को तेज करने के लिए बहादुरपुर स्थित सहयोगिनी संस्था के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ संस्था की सचिव कल्याणी सागरए बोकारो के पूर्व सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष सह लोक अदालत धनबाद के स्थायी सदस्य डॉ विनय सिंहए सीडब्ल्यूसी सदस्य सह वरीय अधिवक्ता प्रीति प्रसाद एवं सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने सामूहिक रूप से किया। मौके पर डॉ विनय सिंह ने कहा कि बाल विवाहए बाल तस्करी एवं बाल यौन शोषण को समाप्त करने के लिए सभी लोगों को आगे आने की जरूरत है। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन व सहयोगिनी संस्था के सहयोग से बोकारो जिले के विभिन्न प्रखंड के 150 गांव को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया है। लोगों को जिला बाल संरक्षण इकाईए बाल कल्याण समितिए जिला विधिक प्राधिकार से मिलने वाले सहयोग और मुआवजे के बारे में भी जानकारी दी गई।

## सिंदरी कॉलेज में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद

**सिंदरी।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलसचिव सुधीनता सिन्हा के जारी आदेश के बाद विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत दस कॉलेजों में चल रही इंटर की पढ़ाई पर रोक लगा दी गई है। इस आदेश के बाद वर्ष 2023-25 से सिंदरी कॉलेज में भी इंटर में नामांकन नहीं हो सकेगा। इससे सिंदरी कॉलेज में इंटरमीडिएट की पढ़ाई करने की इच्छा रखनेवाले छात्रों को गहरा आघात लगा है। सिंदरी कॉलेज प्राचार्य कमलाकांत पाठक ने बताया कि विगत 1 मई को हुई बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया है। हालांकि एफिलिएटेड कॉलेजों में इसकी पढ़ाई जारी रहेगी।

# बेरमो: गुरु अर्जुन देव का मना 417वां शहीदी दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/जरीडीह बाजार।** बेरमो के संडे बाजार गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के तत्वधान में सिख समाज के पांचवे गुरु श्री अर्जुन देव जी का 417 वां शहीदी दिवस मनाया गयाए इस अवसर पर गुरुद्वारा में सुखमनी का पाठए कीर्तनए अरदास का भी आयोजन किया गयाए साथ ही जरीडीह मोड में राहगीरों को ठंडे मीठे जलए शरबतए चना और प्रसाद ग्रहण कराया गयाए इस अवसर पर सरदार गुरमीत सिंह ने कहा कि श्री अर्जुन देव जी की शहादत अतुलनीय हैए मानवता के सच्चे सेवक धर्म के रक्षकए शांत और गंभीर स्वभाव के स्वामी श्री अर्जुन देव जी अपने युग के सर्वमान लोकनायक थेए मौके पर मुख्य रूप से सरदार गुरमीत सिंह एसरदार इंदरजीत सिंह एअमृतपाल सिंह एकमल सिंहए अमन सिंहए हरपाल सिंहए जसपाल सिंहए राजा सिंहए मोहित सिंहए असमंदर सिंह आदि मौजूद थे।



### राज्यपाल से मिले अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष

**बोकारो।** अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने रांची में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान श्री अग्रवाल ने राज्यपाल को एक ज्ञापन के माध्यम से बताया कि पिछले कुछ वर्षों से त्रुटिपूर्ण प्रक्रिया के कारण अग्रवाल समाज का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। साथ ही समाज के कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने राज्यपाल को अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा की ओर से किए जा रहे सेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर रामगढ़ जिला अध्यक्ष जेपी अग्रवालए बोकारो जिला सदस्य दीपक बंसल उपस्थित रहे।



**एक नजर में**

## मन का मिलन पखवारा कार्यकक्रम में कुमारी रंजना ने की बैठक

**बोकारो।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्षए जिला विधिक सेवा प्राधिकारए बोकारो सुश्री कुमारी रंजना अस्थाना की अध्यक्षता में मध्यस्थता पर आधारित विशेष अभियान ह्लमन का मिलन पखवाराह्ल के सफल आयोजन हेतु एक बैठक की गई जिसमें पुलिस अधीक्षक .सह .सदस्यए जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो चन्दन कुमार झाए उप विकास आयुक्त कीर्ती श्री जीए जिला नजारत उपसमाहर्ता विवेक सुमनए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चास पुरुषोत्तम कुमारए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेरमो तेनुघाट सतीश चन्द्र झाए लीगल एड डिफेंस काउंसिल के प्रमुख एवं सदस्य जिले के सभी मध्यस्थ अधिवक्तागणए पैनल अधिवक्तागण सभी थाना प्रभारीए पीएल गण आदि उपस्थित रहे। कुमारी रंजना अस्थाना ने बताया कि 29 मई से 14 जून एक पखवारे तक चलने वाले इस विशेष अभियान के तहत पूरे जिले में मध्यस्थता से संबंधित विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें मध्यस्थता के माध्यम से वादों को निष्पादित किये जाने के महत्व के बारे में जानकारी दी जाएगी ।

## जरीडीह के लोगों को मिलेगा शुद्ध पेयजल



**बेरमो।** विधायक के प्रयास से जरीडीह के 10 हजार आबादी को पाइपलाइन के जरिए शुद्ध पानी मिलेगा। सासंद चन्द्र प्रकाश चौघरी और बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने मंगलवार को निर्माण कार्य का विधिवत रूप से शिलान्यास किया। जरीडीह बाजार में ग्रामीण पाइप लाइन जलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य लगभग ;रु० 8 करोड़ 67 लाख 61 हजार 2 सौद्ध की लागत से कार्य किया जाएगा। इस योजना के धरातल पर आ जाने से जरीडीह बाजार के दोनों पंचायतों सहित आसपास के ग्रामीणों के पानी की समस्या लगभग दूर हो जाएगी। जल जीवन मिशन योजना एवं झारखंड राज्य ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत बेरमो प्रखंड के जरीडीह में वाटर टीटमेंट प्लांट की स्थापना की जाएगी। बेरमो प्रखंड के जरीडीह पंचायत को एक बड़ी सौगात मिली है। मौके पर जिप सदस्य टिनू सिहए समाजसेवी बबलू भगत एमुखिया कंचन देवीए आदि जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद थे।

## दलित शोषण मुक्ति मंच की कमेटी गठित

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत गर्री पंचायत भवन में दलित शोषण मुक्ति मंच की एक बैठक मंच के जिला संयुक्त सचिव राजेश कपरदार की अध्यक्षता एवं माकपा नेता शकूर अंसारी की उपस्थिति में हुई। माकपा नेता शकूर अंसारी ने कहा कि दलित समाज के प्रणेता डॉ अंबेडकर ने देश में दलितों के लिए सामाजिकए राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों की पैरवी की थी और दलितों के अधिकार की रक्षा हेतु संत कबीरए संत रविदासए सावित्री बाई फुलेए ज्योतिबा फुलेए पेरियार गाडगे एवं जगजीवन राम ने आंदोलन किए थे। मौके पर राजेश कपरदार ने कहा कि दलितों की सभी समस्याओं के मूल में व्याप्त अशिक्षा को दूर करने हेतु अधिक जोर देना होगा। बैठक में सर्वसम्मति से गर्री पंचायत डीएसएमएम कमिटी का अध्यक्ष प्रेमचन्द घांसी कोए कृष्णा कपरदार को उपाध्यक्षए पप्पू कपरदार को सचिवए विष्णु कपरदार को उपसचिव तथा भूपेश कपरदार को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में किशुन कपरदारए रिंकू कपरदारए सूरज कुमारए प्रमोद घांसीए बब्लू कपरदारए डब्लू कपरदारए जगरनाथ कपरदारए अंकित कपरदारए आदि शामिल थे।

## धनबाद : नीरज हत्यकांड में संजीव ने मांगा सीसीटीवी फुटेज

### धनबाद पुलिस ने फुटेज किया था जप्त

**धनबाद।** विगत पांच वर्षों से नीरज हत्याकांड में जेल में बंद झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह ने सोमवार 22 मई को अदालत में आवेदन दे कर गुरुकृपा शोरूम के समीप लगे सीसीटीवी फुटेज को मंगाने की प्रार्थना की है। संजीव के अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने कहा कि अभियोजन ने दावा किया है कि घटना के दिन 21 मार्च 17 को 7 बजे शाम में गुरुकृपा शोरूम के समीप पिंटू सिंह के साथ मोटरसाइकिल पर संजीव सिंह हथियार लेकर जा रहे थे। गुरुकृपा ऑटो के समीप ही उन्होंने अभिषेक सिंह को रोक कर कहा था कि तुम्हारे भाई को हम लोगों ने मार दिया है। अब तुम्हारी बारी है। अभिषेक के इस कथन के बाद पुलिस ने गुरु कृपा शोरूम के पास लगे 21 मार्च 17 के फुटेज को जब्त किया था और उसका डीवीआर भी साथ लेकर आई थी इस बात की पुष्टि कांड के अनुसंधानकर्ता निरंजन तिवारी ने कोर्ट को दिए अपने बयान के पैराग्राफ 201 में भी की है।

## 72 घंटे में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं, तो उग्र आंदोलन : मुख्तार

**पत्रकार पर हमला**

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** बलियापुर के पत्रकार परवीन महतो पर जान लेवा हमला के खिलाफ कोयलांचल पत्रकार संघ केन्द्रीय कार्यालय से आक्रोश यात्रा निकाला। इस दौरान यात्रा के साथ सिन्द्री एसडीपीओ अभिषेक कुमार को मांग पत्र सौपा। संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष मुख्तार अहमद के नेतृत्व में निकला आक्रोश यात्रा के दौरान एसडीपीओ को दिये पत्र में मांग किया कि पत्रकार प्रवीन महतो पर हुए जानलेवा हमले के आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई करे। नहीं तो 72 ले बाद संघ सभी थाना ले समक्ष क्रमवार चरणवध आंदोलन करेगा। एसडीपीओ अभिषेक कुमार ने कहाकि पत्रकार पर हुए हमला को गंभीरता से लिया है। संघ के केंद्रीय कार्यालय शालीमार से जुलूस निकालकर डिगवाडीह, पाथरडीह, चासनाला होते हुए डीएसपी कार्यालय पहुंचकर बिरोध जताया गया है। जुलूस में पुलिस प्रशासन के विरोध में पत्रकार नारे लगा रहे थे। इसमें संरक्षक अशोक श्रीवास्तव, अध्यक्ष मो मुख्तार अहमद, कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य सिंह, महामंत्री राहुल मिश्रा, सचिव अरुण कुमार, कोषाध्यक्ष कमलेश सिंह, सह कोषाध्यक्ष मो समीम हुसैन, अनुशासन समिति अध्यक्ष सतीश सिन्हा, उपाध्यक्ष गणेश तिवारी सहित अन्य शामिल थे।

## सिंदरी में तीनों कंपनियों में 75 प्रतिशत स्थानीयों को मिले नियोजन: महामंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** भाजपा की सिंदरी नगर कार्यसमिति की बैठक चित्रगुप्त मंदिर सिंदरी में मंगलवार को नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सिंदरी विधायक पत्नी तारा देवी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मजीत सिंह, जिला महामंत्री निताई रजवार, बोकारो भाजपा नेता इंदुभूषण मिश्रा उपस्थित थे। वहीं भाजपा की नगर कमेटी के महामंत्री सहित कई वरिष्ठ नेता कार्यक्रम से नदारद रहे। बैठक में नगर अध्यक्ष ने कहा कि जिला कमेटी द्वारा निर्देशित बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क अभियान सहित अन्य कार्यक्रमों में बढ़चढकर हिस्सा लेना है। उन्होंने एसीसी फैक्ट्री में 75 प्रतिशत नियोजन की माँग की। उन्होंने एसीसी प्रबंधन द्वारा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था पर चिंता जाहिर करते हुए प्रबंधन से वार्ता की बात की। सिंदरी विधायक पत्नी ने कहा कि नगर कमेटी के कार्यक्रमों में हिस्सा लेती रहूँगी। बैठक में पूर्व पार्षद दिनेश सिंह, भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य राकेश तिवारी, ब्रजेश सिंह, सुमन चौधरी, जिला महामंत्री निताई रजवार, पार्षद प्रतिनिधि गणेश महतो एवं गोपाल महतो, युवा मोर्चा जिला मंत्री अरबिंद सिंह, नगर उपाध्यक्ष गणपति बाउरी, मनीष सिन्हा, धीरज सिंह मौजूद थे।

## कृष्णा जन्म महोत्सव पर खूब झुमे श्रृद्धालु

**बेरमो/गोमिया।** गोमिया प्रखंड के हजारी मोड़ स्थित शिव मन्दिर प्रांगण में आयोजित श्री श्री१००८ रुद्र महायग के तीसरे दिन श्री कृष्ण जन्म महोत्सव के दौरान श्रद्धालु झूम उठे। कथा में जैसे ही श्री कृष्ण प्रसंग आया पूरा पंडाल हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल के जयकारों से गूंज उठा। कथा वाचक अंजना किशोरी ने कहा कि जब श्री कृष्ण का जन्म कारागार में हुआ तो वासुदेव व देवकी की बेडियां अपने आप खुल गईं थी और तब ही वह उन्हें रहस्य को उजागर कर रही हैं। यहां प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि आज प्रत्येक जीवात्मा भी जन्म जन्मान्तरों के कार्य बंधन में बंधी है अच्छे व बुरे कर्मों की जंजीरों में बंधी हुई है। अंजना किशोरी ने कहा परन्तु एक पूर्ण गुरु के द्वारा ही ईश्वर का प्रकटीकरण संभव हो पाता है। अर्थात ष्गुरुष ही ईश्वर का साक्षात्कार करा हमें वह युक्ति प्रदान करते हैं जिसके द्वारा हम ध्यान साधना में अपने कर्म संस्कारों को काट पाते हैं जैसे भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन से कहा कि यह ज्ञान अग्नि मैं तेरे भीतर प्रकट कर रहा हूं जो तेरे पाप संस्कारों को समाप्त कर डालेगी। जैसे राजा जनक ने स्वप्न में देखा कि वह राजा से रंक हो गए हैं और अगले दिन ही उन्होंने यह सारी स्वप्न घटना अपने गुरु अष्टावक्र को सुनाई तब उन्होंने कहा कि राजन यह कर्म तुम्हारे जीवन में आना था मैंने उसे स्वप्न में दिखा कर ही काट दिया है इसलिए आज प्रत्येक जीवात्मा को भी ऐसे ही पूर्ण ब्रह्मनिष्ठ गुरु की आवश्यकता है जो उन्हें ब्रह्मज्ञान प्रदान कर ईश्वर का साक्षात्कार करा सकें।

## मैट्रिक परीक्षा में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



**बेरमो।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने आज मैट्रिक और इंटर साइंस का रिजल्ट झारखंड स्कूली शिक्षा सचिव रवि कुमार द्वारा जारी किया गया। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के अपग्रेडेड हाई स्कूल न्यू सेलेक्टेड ढोरी मकोली के छात्र .छात्राओं ने दसवीं की परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की है। स्कूल की टॉपर में शामिल शामिल नतीजे में मकोली ऊपर घौड़ा के निर्मल करमाली के पुत्र करण कुमार ने 86़80 फीसदी अंक लाकर प्रथम एमकोली नीचे थोड़ा के सुरेंद्र सिंह के पुत्री चुलबुल कुमारी ने 86S40 अंक लाकर द्वितीय और मकोली ऊपर थोड़ा निवासी राजूराम पुत्री सिमरन कुमारी ने 85S40 फीसदी अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। 3 विद्यार्थी ने झारखंड में पॉलिटेक्निक परीक्षा दी है। चुलबुल कुमारी आगे चलकर आईआईटी और सिमरन कुमारी आईएएस बनना चाहती है। समाजसेवी सह मकोली निवासी राकेश कुमार सिंह ने विद्यार्थियों की सफलता पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया।

# बिजली समस्या को लेकर कतरास के ग्रामीण करेंगे आंदोलन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** कतरास में बिजली की गंभीर समस्या को लेकर मंगलवार को कतरास के लोगों के पूर्व निर्धारित आम सभा का आयोजन जीएनएम के मैदान में डॉक्टर स्वतंत्र कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कतरास के नागरिकों ने अपने अपने विचारों को रखा। सभी ने एक स्वर में कहा कि कतरास में बिजली की व्यवस्था को सुचारू रूप से करने के लिए आंदोलन की आवश्यकता है। आंदोलन की शुरूआत सबसे पहले धनबाद उपायुक्त एवं बिजली विभाग के महाप्रबंधक को उपरोक्त समस्या को लिखकर दिया जाएगा और 48 घंटे का समय दिया जाएगा। अगर 48 घंटे के अंदर कतरास में बिजली की समस्या दुरुस्त नहीं होती है तो जिसके बाद चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा । जिसके तहत सर्वप्रथम कतरास के लोग एक दिवसीय धरना बिजली ऑफिस कार्यालय में देंगे, अगर उसके बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं होती है तो कतरास के लोगों के द्वारा मशाल जुलूस निकाला जाएगा। और उसके बाद भी अगर समस्या के समाधान नहीं होती है तो लोग आमरण अनशन पर बैठेंगे। और जब तक बिजली की समस्या का समाधान नहीं होता है तब तक अनशन से नहीं उठेंगे।



**आमसभा में थे मौजूद**

आम सभा में मुख्य रूप से डॉक्टर स्वतंत्र कुमार शिवेश विश्वकर्मा अनुराग राजगढ़िया कृष्णा नंदन साहू अधिवक्ता श्याम कुमार गुप्ता अमित रजक राहुल रजक कुमार जीत गौरव खंडेलवाल आनंद खंडेलवाल महेश अग्रवाल रतन बरनवाल अजय चौरसिया वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज सिन्हा राखी पटवा समीर चौरसिया सकलदेव प्रमाणिक रघुनाथ डगाईच गणेश मोदक मोहम्मद फिरासत हुसैन के अलावा कतरास बाजार के दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### 48 घंटा में करें समस्या का समाधान

कतरास। मंगलवार को जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने बिजली की आपूर्ति ठीक ढंग से नहीं हो पाने पर बिजली विभाग के विरुद्ध नाराजगी जताते हुए आंदोलन की चेतावनी दी। दीप नारायण सिंह ने श्यामडीह मोड़ स्थित अपने आवासीय कार्यालय से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में बिजली विभाग द्वारा मात्र 6 से 8 घंटे तक बिजली आपूर्ति कर रही है। बिजली की आपूर्ति ठीक ढंग से नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सही ढंग से बिजली आपूर्ति नहीं होने से जलापूर्ति भी प्रभावित हो रही है। लोगों का इनवाइट बैठ जा रहा है। बड़ी संख्या में लोग बिजली के बिना बीमार हो रहे हैं। बिमार व्यक्ति भी परेशान है। अगर 48 घंटे में बिजली व्यवस्था में सुधार नही की गई तो जदयू आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।